संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज
समूह संपादक : रवि भारद्वाज
करनाल, रविवार, 13 अगस्त 2023 ₹ 2
www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive



हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर जनसंवाद कार्यक्रम में जनता की समस्या सुनते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 215 पृष्ठः 12


RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
15 August
की हार्दिक शुभकामनाएं
Er. Rt. Narender Chugh
Chairman: Manav Sewa Foundation
Chairman: Rotary Club Delhi Metro Membership Development and Retention
President: Delhi Seeds Association
Chief Patron: Punjabi Sabha, Delhi North-West,
Chief Patron: Shree Ramlila Committee, Model Town
Chief Patron: Sai Sansthan Regd, Delhi
Trustee: MD City Hospital, North Ex, Model Town
Trustee: The Rakesh Bhardwaj Memorial Trust
Trustee: Param Avinashi Hari Govind Dham, Haridwar
Trustee: Madhav Govind Trust, Moradabad
Patron: RWA, Model Town
Patron: Shree Ji Sewa Sansthan
Patron: Senior Citizen Forum Model Town
Executive Member: Federation of Model Town Associations
Life Member: ISCKON International
Life Member: Red Cross Society
Life Member: Rajeev Gandhi Cancer Foundation
HERITAGE SEEDS PVT LTD. 201, 2nd Floor, Lusa Tower, Near Akash Cinema, Azadpur, DELHI-110033
HERITAGE COMMUNICATIONS Chand Nagar, Tilak Nagar, Delhi. Mobile, Phones Accessories. Also Mobile Repair Shop


हरियाणा सरकार
G20
भारत 2023 INDIA
आज़ादी का अमृत महोत्सव
मेरी माटी मेरा देश
09-15 अगस्त 2023
सत्यमेव जयते
आओ मिलकर गर्व से फहराएं
हर घर
तिरंगा
13 से 15 अगस्त, 2023
नज़दीक के हर राशन डिपो पर झण्डा खरीद हेतु उपलब्ध है
आइये, इस महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए राष्ट्रीय ध्वज के साथ अपनी सेल्फी शेयर करें
सेल्फी शेयर करने के लिए क्यू आर कोड को स्कैन करें
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## न्यूज फ्लैश

### दसवीं पास ले सकेंगे बीज, खाद व दवा बेचने का लाइसेंस: आदित्य डबास



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। अब 10वीं** पास युवा भी डिप्लोमा करने के बाद बीज, खाद व दवाई बेचने संबंधित लाइसेंस ले सकेंगे। हरियाणा एग्रीकल्चर मैनेजमेंट एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (हमेटी) द्वारा 10वीं पास युवाओं को डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसिज फार इनपुट डीलर (डेसी) कराया जाएगा। 48 सप्ताह का प्रशिक्षण करने के बाद डिप्लोमा देगा। इसको लेकर सप्ताह में एक दिन क्लास लगेगी। इस डिप्लोमा के आधार पर भारत के किसी भी राज्य में बीज, खाद व दवाई बेचने का लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. आदित्य डबास ने बताया कि डिप्लोमा के बाद लाइसेंस उनके द्वारा ही दिया जाएगा। डिप्लोमा की फीस 20 हजार रुपए देनी होगी। उन्होंने बताया कि अब तक केवल उन्हीं व्यक्तियों का डिप्लोमा कराया जाता था, जो लोग पहले ही उक्त व्यवसाय को करते आ रहे हैं और उनके पास लाइसेंस हैं। पहले खाद, बीज व दवाई की डीलर के लाइसेंस के लिए डिप्लोमा की कोई शर्त नहीं थी। लेकिन भारत सरकार ने खाद, बीज व दवाई के डीलर्स के लिए ये डिप्लोमा अनिवार्य किया है।

**बिना डिप्लोमा नहीं बनेंगे लाइसेंस**

डीडीए डॉ. आदित्य डबास ने बताया कि डिप्लोमा के बिना लाइसेंस नहीं बनेगा। इसके लिए इसके लिए इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विस फार इनपुट डीलर डिप्लोमा जरूर करना होगा। इसके बाद ही नए व पुराने लाइसेंस रिन्यू हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि कोर्स करने के बाद विक्रेताओं को खाद, बीजव कीटनाशक दवाइयों की बेहतर जानकारी होगी। इससे वो किसानों को सही जानकारी दे सकेंगे। बाजार में नकली खाद-बीज की समस्या से काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि किसान अपने खेत के लिए बीज, उर्वरक

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# नशा मुक्त अभियान: निकाली जागरूकता रैली



**नशा मुक्त भारत**

**8 अतिरिक्त उपायुक्त ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत जिला प्रशासन की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम में 500 से अधिक स्कूली बच्चों तथा जिला रैडक्रॉस सोसाईटी, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। जागरूकता रैली गांधी चौक से अस्पताल चौक होते हुए कुंजपुरा रोड सब्जी मंडी के नजदीक संपन्न हुई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि युवा अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करते हुए देश के विकास अहम भूमिका निभा सकते हैं। युवा हमारी शक्ति है। जिस देश का युवा स्वस्थ होता है, उस देश को तरक्की की राह पर बढ़ ? से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि नशे की बीमारी से बचा जा सकता है, नशे के ईलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में निशुल्क सुविधाएं दी जा रही हैं। करनाल सिविल अस्पताल में 20 बैड का नशा मुक्ति केन्द्र बनाया गया है, जिसमें सोमवार से शनिवार प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच जाकर नशे से ग्रस्त व्यक्ति अपना निशुल्क परामर्श व ईलाज करवा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला में स्कूल, कॉलेज के बच्चों द्वारा नशे के खिलाफ स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई जिससे समाज में जागरूकता फैल सके। उन्होंने कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सरकार द्वारा चलाए जा रहे धाकड़ कार्यक्रम के तहत स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा के दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि नशे ने पूरे भारत की स्थिति को खराब कर दिया है। पंजाब के साथ लगते हरियाणा के ईलाके में युवा वर्ग नशे की ओर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने समय से ही हरियाणा के लिए एक कहावत कही गई है दूध-दही का खाना-यह मेरा हरियाणा। नशे के कारण पूरा परिवार तबाह हो जाता है। नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करना जिला प्रशासन की एक अच्छी पहल है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि यदि नशा करना है तो देशभक्ति का करो, समाज सेवा का करो, ताकि इससे समाज में एक अच्छा बदलाव आए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एक सरकारी व 6 निजी अस्पतालों ने लोगों को नशे के ईलाज की सुविधाओं के बारे में जागरूक किया तथा युवाओं को नशा छोड़ ? के लिए प्रेरित किया। इनमें अमृतधारा अस्पताल, विर्क अस्पताल, डॉ. सोनी अस्पताल, मेड ब्लूम असंध, निसिंग तथा सिविल अस्पताल शामिल रहे। कार्यक्रम में नशे के खिलाफ जारूकता के लिए पम्फलेट का भी वितरण किया गया।

## मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत जिला में हुए कार्यक्रम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** डीसी अनीश यादव ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर भारत सरकार द्वारा देशभर में मेरी माटी-मेरा देश अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गांवों में शिलाफलकम यानि शिलापट भी स्थापित करने का कार्य जोरों से चल रहा है। शिलाफलकम पर अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम अंकित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिला में ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। अभियान के दौरान स्कूलों में राष्ट्रीयता की भावना को प्रबल करने लिए पांच प्रण लिए जा रहे है। इसी प्रकार से आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गांवों में 75-75 पौधे लगाकर एक वाटिका बनाई जा रही है। कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्र सेनानियों व शहीद परिवारों का सम्मान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत शनिवार को जिले में अलग-अलग कार्यक्रमों की श्रृंखला में गांव शाहपुर, बुटाना, ब्रास खुर्द, कुडक जागीर, समौरा व उडाना में शिलाफलकम, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन, अमृत वाटिका, पौधारोपण, पंच प्रण शपथ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## दिव्यांगजनों के प्रमोशन और भर्ती के रोस्टर रजिस्टर तैयार



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** के दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने जिला परिषद सभागार में दिव्यांगजनों के लिए खुला दरबार लगाकर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित विभागों को दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान करने के लिए भी कहा। इस दौरान उन्होंने सभी सरकारी विभागों को निर्देश दिए कि विभाग अपने यहां दिव्यांगजनों की भर्ती और उनकी पदोन्नति को लेकर रोस्टर रजिस्टर को तैयार करें और उसे अपडेट भी करें। उन्होंने अलग-अलग विभागों को दिव्यांगजनों के लिए दिए जाने वाले आरक्षण के लाभ को समय पर देने के निर्देश भी दिए। दिव्यांगजन आयुक्त ने हरियाणा रोडवेज विभाग को निर्देश दिए कि रोडवेज की बसों में सीट नंबर-3 दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित होती है। इस सीट पर लिखा जाना चाहिए कि यह दिव्यांग के लिए आरक्षित है। इसके अतिरिक्त बसों में चढ़ ? के लिए हैंडल भी होने चाहिएं, ताकि दिव्यांग को बस में चढ़ते वक्त किसी तरह की दिक्कत न हो। राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि दिव्यांगता पर किसी का बस नहीं है, लेकिन हमें दिव्यांगजनों को समान अधिकार देने चाहिएं। उन्होंने कहा कि बहुत से सार्वजनिक संस्थान से जुड़ी बिल्डिंगों में दिव्यांगजनों के लिए कोई रैंप नहीं बनाया जाता। यह बिल्कुल गलत है। दिव्यांगजनों के लिए रैंप बनाए जाने चाहिएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के राज में हरियाणा सरकार ने दिव्यांगजनों को अनेक लाभ दिए हैं। आज पूरे देश में जितनी पेंशन दिव्यांगजनों को हरियाणा में मिल रही है, उतनी किसी भी राज्य में नहीं मिल रही है। इस बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड़, डीएसपी नायब सिंह, शिक्षा विभाग से सुरिंद्र कौर, डीपीओ राजबाला व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला एक आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सीआईए** यूनिट असंध द्वाराचोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चुराया गया एक लैपटॉप और एक मोबाइल बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी सचिन उर्फ लुंबा पुत्र रामधारी वासी असंध को ढोल चौक असंध से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया एक लैपटॉप और एक मोबाइल बरामद किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी ने 9 अगस्त को शिकायतकर्ता कीमत लाल निवासी वार्ड नंबर 9 असंध के घर से एक लैपटॉप, 5 तोले सोना व लगभग 8 हजार रुपए चोरी किए थे। इस संबंध में थाना असंध में नामालूम के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस तफ्तीश में पाया गया कि आरोपी पहले भी चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुका है।

नशा करने का आदी है और नशा पूर्ति के लिए चोरी करता है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## युवाओं को दिलाई पंच प्रण की शपथ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरी माटी** मेरा देश अभियान के तहत नेहरु युवा केंद्र के तत्वाधान में दयाल सिंह कॉलेज के प्रांगण में नैशनल सोशल ऑर्गनाईजेशन व राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पंच प्रण पर आधारित युवा संवाद व मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि तथा मेयर मेयर रेनू बाला गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुई।राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है।

## कुटेल में बनेगा दिव्यांगों के लिए सीआरसी: मक्कड़



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** के दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि जिला के गांव कुटेल में भारत सरकार की ओर से 300 करोड़ की लागत से कम्पोजिट रिहेबिलेशन सेंटर (सीआरसी) का निर्माण किया जाएगा। इसके लिये 15 एकड़ जमीन को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया जारी है। इस सेंटर में दिव्यांगों के लिये सभी तरह की सुविधायें उपलब्ध होंगी। राजकुमार मक्कड़ आज यहां पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विभिन्न एनजीओ के पदाधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सीआरसी में दिव्यांगों को मुफ्त चिकित्सा के लिये हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इसमें कृत्रिम अंगों के निर्माण के लिये कर्मशाला, उनके रखरखाव, मरम्मत, डाक्टरों के लिये आवास सुविधा, दिव्यांगों के लिये कोचिंग व स्वरोजगार के लिये प्रशिक्षण आदि की सुविधा होगी। भवन का निर्माण और मशीनें केंद्र सरकार की ओर से तथा बाकी सुविधायें राज्य सरकार की ओर से मुहैया कराई जायेंगी। एनजीओ यहां बैठकें भी आयोजित कर सकेंगी।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने दिव्यांगों के लिये विशेष भर्ती अभियान शुरू किया गया है। इसमें प्रथम व द्वितीय श्रेणी के पदों के लिये दिव्यांगों को अधिकतम दस साल और श्रेणी तीन व चार के लिये 15 साल की आयु सीमा में छूट प्रदान की गई है। इतना ही नहीं अब 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग 60 साल तक नौकरी कर सकेंगे। पहले 70 प्रतिशत दिव्यांगता वालों को ही यह सुविधा उपलब्ध थी। आयुक्त के अनुसार हरियाणा के कालेजों में कार्यरत दिव्यांग सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के लिये पदोन्नति अथवा सुपर स्केल के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में 5 साल की सेवा की शर्त थी, जो अब हटा दी गई है। अब शहरी क्षेत्र की सेवा भी पदोन्नति के लिये मान्य होगी। मक्कड़ के अनुसार सरकार दिव्यांगों के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील है। शिक्षकों विशेषकर जेबीटी के स्थानांतरण के लिये बनाई गई नीति से बड़ी संख्या में दिव्यांग शिक्षकों को भी फायदा होगा।

## 44 जगहों पर नाकाबंदी करके की गई 1648 वाहनों की चेकिंग



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पुलिस** महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार बीती रात्रि चलाए गए नाइट डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण व स्वतंत्रता दिवस के मध्यनजर सुरक्षा हेतु पुख्ता इंतजाम के लिए जिले भर में विभिन्न स्थानों पर टाइट नाकाबंदी की गई। जिला पुलिस द्वारा बीती रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने-अपने इलाकों में गस्त की। साथ ही विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके दुरुस्त नाकाबंदी की गई। पुलिस द्वारा होटल, धर्मशाला, ढाबों व अन्य रैन बसेरों की गहनता से चेकिंग की गई। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित करना है। अभियान के पीछे उद्देश्य यह है कि अपराधी रात के समय वारदात को अंजाम देने निकलते हैं और उनको काबू किया जा सके। इस तरह सडक पर पुलिस की उपस्थिति कई तरह की अपराधी गतिविधियों को रोकने में कारगर साबित होती है। पुलिस का सडक पर आम आदमी को सुरक्षा का एहसास दिलाता है। नाइट डोमिनेशन के दौरान जिला पुलिस ने पहले भी काफी सफलता हासिल की है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला के विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके 44 स्थान पर नाकाबंदी की गई व 61 पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई और अपने-अपने एरिया में गस्त की गई। इस दौरान 1648 दो पहिया, चार पहिया, हल्के और भारी कॉमर्शियल वाहनों की गहनता से जांच की गई।

## निर्मल पब्लिक स्कूल में किया विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। निर्मल पब्लिक** स्कूल में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन मेयर रेनू बाला गुप्ता ने किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. राजपाल एम्स नई दिल्ली ने शिरकत की। साथ में स्कूल प्रबंधक निधि चावला, प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश आनंद व उपप्रधानाचार्य वीना चावला विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदर्शनी का विषय वंडर ऑफ इमेजीनेशन रखा गया। अंतरिक्ष की दुनिया, पर्यावरण, स्वास्थ्य, संस्कृति की विरासत, गणित, अंग्रेजी, हिंदी व कला से संबंधित वर्किंग व नॉन वर्किंग मॉडल्स बनाकर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेयर रेनू बाला गुप्ता ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि विश्वभर में विज्ञान का महत्व बढ़ता जा रहा है। हमारे देश में भी महान वैज्ञानिकों ने जन्म लिया है और वह दुनियाभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। आधुनिकता की दौड़ में वैज्ञानिक सोच विकसित करना जरूरी है। स्कूली स्तर से ही विज्ञान के प्रति जागरूक रहने और शिक्षा ग्रहण करके बच्चे दुनिया में कामयाब हो सकते हैं।

## योग, शरीर, मन, आत्मा को नियंत्रित करने में करता है मदद : दिनेश

**साधकों ने किया विशेष योगिक क्रियाएं और सूर्य नमस्कार का अभ्यास**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। योग कक्षा** फव्वारा पार्क में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संचालक दिनेश गुलाटी ने प्रातः योग सत्र करवाया, जिसमें योग साधकों ने विशेष योगिक क्रियाएं और सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। उन्होंने प्राणायाम का विशेष रूप से अभ्यास करवाते हुए प्राणायाम द्वारा शरीर को होने वाले लाभों के विषय में अवगत करवाया। योग शिक्षिका शिक्षका निधि गुप्ता और वीना धीर ने साधकों को विभिन्न तरह के आसनों का अभ्यास करवाया। साधकों में योग के प्रति उत्साह देखते ही बनता था। दिनेश गुलाटी ने बताया कि प्राचीन काल से ही योग का अभ्यास किया जाता रहा है और आज दुनियाभर में लोग योग को अपना रहे हैं। योग शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जितना फायदेमंद है, उतना ही मानसिक रूप से मजबूती देता है। आज की व्यस्त जीवन शैली और अत्यधिक तनाव के कारण योग का महत्व और भी बढ़ गया है। आज मानव को योग के महत्व को समझना होगा और इसे अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि योग, शरीर मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करता है और शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाता बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि योग की आवश्यकता आज अत्यधिक बढ़ गई है। आज मानव अपने जीवन की श्रेष्ठता के चरम पर योग के माध्यम से ही बढ़ सकता है और इसके लिए इच्छाशक्ति का मजबूत होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग को अपने जीवन में अपना लें और स्वस्थ रहें। कक्षा में उन्होंने पहले सूक्ष्म योगिक व्यायाम और आसन करवाएं। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार और ध्यान के साथ प्राणायाम का सत्र लिया। योग साधकों ने बताया पिछले कई वर्षों से मेरा मिशन भारत की कक्षा से जुडकर योग कर रहे हैं और अपने साथ-साथ अन्य व्यक्ति को भी योग करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## संपादकीय

# देश की भावी पीढ़ी में राष्ट्रीय चेतना

**77वें** स्वतंत्रता दिवस पर भारत की एकता, अखण्डता को अक्षुण रखने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों, पूरे विश्व में भारत की प्रतिष्ठा को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए दिन-रात एक करने वाले सभी वैज्ञानिकों, शिक्षकों, सांस्कृतिक राजदूत साहित्यकारों को श्रद्धा से नमन करता हूं। एक विद्यार्थी के रूप में विश्व के अनेक देशों का भ्रमण करने का अवसर मिला तो मैंने पाया कि लगभग हर देश में मुझे दूर से ही भारतीय (इण्डियन) के रूप में पहचाना गया। अनेक स्थानों पर नमस्ते इण्डिया सुनने को मिला। जून, 2012 में विश्व फैशन नगरी मिलान (इटली) के पुराने किले कास्टेलो के निकट एक फव्वारे के पास बैठा अपने एक मित्र की प्रतीक्षा कर रहा था कि अचानक नमो नमः सुनकर चौका। पलटकर देखा, हाथ जोड़े एक व्यक्ति कह रहा था, मेरे गुरुदेश भारत से पधारे बंधु आपको प्रणाम! उसका अभिवादन करते हुए मैंने उसका परिचय जानना चाहा। उसकी सुसंस्कृत हिन्दी ने मुझे गदगद कर दिया। उसके अनुसार, मैं इस्त्राइल का मूल निवासी हूं। मेरे माता-पिता ने मेरा नाम स्टीव रखा लेकिन मेरे गुरु ने मुझे शिव नाम दिया। अब मैं शिव ही हूं। भारत मेरा गुरु है। मैंने वहां से योग सीखा। योग ने मेरे जीवन को बदल दिया। इटली में योग सिखाता हूं। जब भी अवसर मिलता है अपने गुरुदेश जाता हूं। हर बार कुछ नया सीखकर लौटता हूं। आपको यहां देख मुझे बहुत प्रसन्नता हुई। आपको प्रणाम! हजारो मील दूर सात समुद्र पार, परदेश में एक अनजान व्यक्ति से ऐसे उद्गार प्राप्त करना रोमांचित करने वाला क्षण था। वास्तव में यह मेरा नहीं, मेरे देश का सम्मान था। हमारे पूर्वज ऋषियों और उनके द्वारा विकसित संस्कृति का अभिषेक था। भारत की गुरुता के प्रमाण रूपी ऐसे एक नहीं, हजारों बल्कि लाखों- करोड़ों उदाहरण यत्र-तत्र बिखरे हुए हैं। एक अन्य देश के अनुभव का स्मरण दशकों बाद आज भी मन-मस्तिष्क को असीमित उत्साह और ऊर्जा प्रदान करता है। एक बार सर्वत्र मांसाहारी भोजन के कारण बहुत समस्या हो गई तो किसी ने लगभग 10 किमी दूर इण्डियन रेस्टोरेंट की राह दिखाई जहां भारतीय भोजन उपलब्ध था। हम प्रतिदिन शाम को वहां जाते। अपने प्रवास की समाप्ति पर रेस्टोरेंट के स्वामी के मिलने पर यह जानना आश्चर्य हुआ कि वह भारत नहीं, पाकिस्तान से था। आपने अपने प्रतिष्ठान का नाम इण्डियन की बजाय पाकिस्तानी रेस्टोरेंट क्यों नहीं रखा? के जवाब में उसका कहना था, तब यहां कौन आया! उसके चार शब्द मेरे देश, मेरी जन्मभूमि की वह यशोगाथा है जिसका सम्मान भारत से हजार युद्ध करने का उद्घोष करने वाले भी करने को विवश हैं। परंतु यदा-कदा जब जब अपने ही देश में कुछ लोगों के मुख से इस महान धरा को काटने अथवा बांटने की बात सुनता हूं तो मन आक्रोश से भर उठता है। समाजशास्त्रियों की विवेचना के अनुसार आत्मगौरव विहीन इन लोगों को यदि सही समय पर राष्ट्रीय चेतना से परिचित कराया जाता तो वे भ्रामक प्रचार के शिकार हो टुकड़े-टुकड़े गैंग में कदापि शामिल नहीं होते। दुनिया भर के मनोवैज्ञानिक एक स्वर में बताते हैं कि श्रेष्ठ संस्कार प्रदान करने का सही समय बचपन ही हो सकता है। केवल भारत ही नहीं, दुनिया का हर विवेकशील राष्ट्र अपने भावी कर्णधारों को स्कूली शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति के गुणों से भी समृद्ध करने का प्रयास करता है। जापान का वह प्रसंग सर्वविदित है जब स्वामी रामतीर्थ वहां के एक विद्यालय में गए।

# अविश्वास प्रस्ताव पर धराशायी हो गया एकजुट विपक्ष



डॉ उमेश प्रताप वत्स

> "इस कालखंड का पुरुषार्थ, किया जा रहा कार्य आने वाले एक हजार वर्ष के लिए भारत के भविष्य की नींव तैयार करेगा, इसकी दिशा तय करेगा। आज भारत के युवा पीढ़ी का लोहा पूरा विश्व मान रहा है। भारत के युवाओं को घोटालों से रहित सरकार मिली है, जो भारत की बिगड़ी हुई साख को संभालकर, संवारकर उसे विश्व में नये कीर्तिमान के साथ स्थापित कर रही है। विपक्ष ने निसंदेह अविश्वास प्रस्ताव की आड़ में जनता का आत्मविश्वास तोड़ा है। जबकि हमने देश के लिए स्वयं को खपाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा एक-एक पल, एक-एक क्षण, पूरा जीवन देश की जनता के लिए समर्पित है, हम अंतिम क्षण तक देश की सेवा करने के लिए संकल्पबद्ध है। हमारे कार्यकाल में नीतिआयोग के अनुसार साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं"

**केन्द्र** सरकार के लिए चुनाव मुहाने खड़ा है, ऐसे में चुनावी योद्धाओं की तरकश में जितने तीर हैं सबका बारी-बारी प्रयोग हो रहा है । विपक्ष के योद्धा कोई नया शस्त्र प्रयोग करते हैं तो पक्ष के योद्धा भी अपने धारदार शस्त्र से उसे निष्क्रिय कर देने में एक क्षण की भी देरी नहीं करते। भारत जोड़ों यात्रा से जो वातावरण निर्मित हुआ उसने कांग्रेस के नेताओं में जोश तो भर दिया किंतु मणिपुर हिंसा के बाद उस उत्साह को संभालने में कहीं न कहीं शीर्ष नेताओं से भी कोताही दिखाई देती है , तभी तो मणिपुर की आड़ में देशभर में कांग्रेस सहित विपक्ष ने जो भूमिका अदा की उससे न तो देश की जनता में विपक्ष को लेकर कोई हमदर्दी हुई और न ही कोई राजनैतिक लाभ मिलते दिखाई दे रहा है । मणिपुर हिंसा के नाम से विपक्ष जिस मोदी की चुप्पी तुड़वाने को ही अंतिम लक्ष्य की तरह मान बैठा था , उस मोदी ने जब चुप्पी तोड़ी तो चुप्पी तुड़वाने वाले सारे योद्धा चुपचाप सदन से बाहर खिसक लिये। बेशक बाद में यह कहने का प्रयास किया गया कि सदन से बाहर जाने का मतलब सरकार से असहमति थी, विरोध जताना था । जबकि सभी जानते हैं कि इतने दिनों से प्रधानमंत्री के बोलने की इंतजार हेतु ही सारा राजनैतिक चक्र चलाया जा रहा था कि प्रधानमंत्री मणिपुर पर कुछ भी ऐसा बोले जिसे हाथों-हाथ पकड़कर मोदी के बहाने सरकार को घेरा जाये और आने वाले चुनावों में सत्ता सुख का आन्नद लेने के लिए मार्ग प्रशस्त हो । इस योजना के तहत देश के गृहमंत्री द्वारा मणिपुर पर पूरी स्थिति स्पष्ट करने के बावजूद नहीं स्वीकारा गया। उनकी बातों को अनसुना कर एक ही रट लगाई गई कि यह संसद गृहमंत्री को नहीं प्रधानमंत्री को सुनना चाहती है और जब तीसरे दिन प्रधानमंत्री जी ने बोलना प्रारंभ किया तो लगभग डेढ़ घंटे के बाद स्वयं को ठगा सा महसूस कर सारा विपक्ष सदन से बहिर्गमन कर गया। प्रधानमंत्री ने पहली पंक्ति में ही पूरे भाषण का तात्पर्य स्पष्ट कर दिया जिसकी विपक्ष को एक प्रतिशत भी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के द्वारा लाया गया यह अविश्वास प्रस्ताव देश व हमारी सरकार के लिए एक सुअवसर लेकर आया है । आज हमें संसद के माध्यम से देश को यह बताने का अवसर मिला है कि हमने पिछले नौ वर्ष में क्या किया है । मणिपुर हिंसा की वास्तविकता क्या है और हमने शांति बहाली के क्या प्रयास किये हैं । प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत समय से विपक्ष के नेता संसद के अंदर बैठने की अपेक्षा संसद से बाहर बैठकर विरोध प्रदर्शन करते रहे हैं और बहुत ही कम सांसद पूरा समय संसद में उपस्थित रहें हैं । आज सभी सांसद भी है , सांसदों की मांग भी है और अवसर भी है क्यों न हम इस अवसर का लाभ उठाकर विपक्ष के षडयंत्रों को देश के सामने विस्तार से रखें । उन्होंने कहा कि यह अविश्वास प्रस्ताव 2018 में भी विपक्ष के साथी लेकर आये थे। तब उनके पास जितने कुल सांसद थे अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में उतने भी वोट नहीं पड़े थे। हमारे लिए विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमेशा शुभ होता है। 2018 के अविश्वास प्रस्ताव के बाद हमारी सरकार पहले से भी ज्यादा आंकड़े के साथ सत्ता में आई और तब मैंनें यह भविष्यवाणी की थी कि 2024 के चुनावों से पहले भी विपक्ष 2023 में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आयेगा और हम 2024 में पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़कर सरकार बनाएंगे । प्रधानमंत्री ने कहा कि जब संसद में बहुत ही महत्वपूर्ण बिल आ रहे थे तो अधिकतर विपक्ष संसद से गायब ही रहता था। विपक्ष ने कभी गरीब , आदिवासी ,दलित ,पिछड़ों के लिए लाये गये बिलों पर गंभीरता नहीं दिखाई। मणिपुर में जातीय व क्षेत्रीय हिंसा से जो जानमाल का भारी नुकसान हो रहा है और मणिपुर जल रहा है , जिसे शांत करने के लिए केन्द्र सरकार मणिपुर सरकार के साथ मिलकर हर संभव प्रयास कर रही है । ऐसे गंभीर , नाजुक समय में सहयोग करने की अपेक्षा विपक्ष ने यह अविश्वास प्रस्ताव लाकर देश की प्राथमिकता को अनदेखा कर देश के साथ विश्वासघात किया है। जनता के विश्वास को चकनाचूर किया है। देश की जनता के लिए विपक्ष को जहां विकास के लिए प्रश्न करने चाहिए थे वहां ये अविश्वास प्रस्ताव लेकर आये हैं। मोदी ने कहा कि बिना किसी विजन के केवल दिल्ली के अपने कट्टर भ्रष्ट साथी की शर्त पर अविश्वास प्रस्ताव लाना अदूरदर्शिता का परिचय देता है । बिना तैयारी के 2018 के बाद एक बार फिर विपक्ष 2023 में फिर अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। प्रस्ताव के पक्ष में बोलने के लिए विपक्ष ने कोई तैयारी नहीं की। विपक्ष ने देश को निराशा के सिवाय कुछ नहीं दिया। प्रधानमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि

**जिनके खुद के बही खाते बिगड़े हुए हैं।**
**वे भी हमसे हमारा हिसाब लिए फिरते हैं।।**

अविश्वास प्रस्ताव पर वरिष्ठ नेता ही शुरूआत करते हैं किंतु इस बार प्रतिपक्ष नेता के रूप में ना अधीर रंजन बोले और प्रधानमंत्री की रेस में अग्रणी ना राहुल ने शुरूआत की। अपने नौ वर्ष के कार्य ध्यान कराते हुए प्रधानमंत्री बोलें कि देश में कुछ समय के बाद ऐसा इतिहास का कालखंड आता है, जो पुरानी दकियानूसी की दीवारें गिराकर नया इतिहास रचने के लिए आगे बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि इस कालखंड का पुरूषार्थ, किया जा रहा कार्य आने वाले एक हजार वर्ष के लिए भारत के भविष्य की नींव तैयार करेगा , इसकी दिशा तय करेगा।

आज भारत के युवा पीढ़ी का लोहा पूरा विश्व मान रहा है। भारत के युवाओं को घोटालों से रहित सरकार मिली है, जो भारत की बिगड़ी हुई साख को संभालकर, संवारकर उसे विश्व में नये कीर्तिमान के साथ स्थापित कर रही है । विपक्ष ने निसंदेह अविश्वास प्रस्ताव की आड़ में जनता का आत्मविश्वास तोड़ा है। जबकि हमने देश के लिए स्वयं को खपाया है । प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा एक-एक पल , एक-एक क्षण , पूरा जीवन देश की जनता के लिए समर्पित है , हम अंतिम क्षण तक देश की सेवा करने के लिए संकल्पबद्ध है। हमारे कार्यकाल में नीतिआयोग के अनुसार साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं । आइएम ने कहा कि भारत ने अति गरीबी को लगभग समाप्त कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि स्वच्छता अभियान से तीन लाख लोगों की जान बची है और

यूनिसेफ के अनुसार दवाई आदि में खर्च होने वाले जनता के लगभग साढ़े चार लाख रुपये बचे हैं। विपक्ष के द्वारा काले कपड़े पहनकर संसद में आने पर भी मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि जिस प्रकार शुभकार्य के लिए नजर बट्टू लगाया जाता है , उसी तरह सरकार के द्वारा संसद में विकास हेतु नई-नई योजनाओं पर सासंदों का काला लिबास नजर के टिक्के के समान है। उन्होंने कहा कि आज विरोधियों का सबसे पसंदीदा नारा बन गया है मोदी तेरी कब्र खुदेगी , आज नहीं तो कल खुदेगी।

प्रधानमंत्री के अनुसार उन्हें भगवान से यह सीक्रेट वरदान मिला हुआ है विपक्ष जिसका बुरा चाहता है उसका भला ही होता है । उदाहरण के लिए मोदी का भला हुआ , बैंकिंग सैक्टर को कोसा कि बर्बाद हो गया जबकि बैंकों का लाभ दोगुणा हुआ। एचएएल पर बहुत गलत बोला कि तबाह हो गया ,यह डूब रहा है , मजदूरों को भड़काया गया कि इंडस्ट्रीज खत्म हो गई है किंतु आज एचएएल की स्थिति सुदृढ़ है ,वह आबाद है , सफलता की बुलंदियों को छू रहा है , देश की आन-बान-शान बना हुआ है । एलआईसी के बारे में गलत प्रचार किया गया कि आम जनता का पैसा डूब गया है किंतु आज एलआईसी निरंतर बढ़ रही है , लगातार चमक रही है । मोदी ने भविष्यवाणी की, हमारी सरकार की तीसरी पारी में देश की आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत होगी जो कि विश्व में तीसरे नम्बर पर आ जायेगी । इस पर भी विपक्ष कहता है कि तीसरे नम्बर पर तो बिना कुछ करें ही पहुंच जायेंगे। बिना कुछ किये तो टुकड़ा भी मुँह में नहीं जाता। इनके पास ना नीति है , ना नीयत है और ना समझ है।

बिना कुछ करें सोते-सोते ऐसे ही तीसरे नम्बर पर पहुंच जायेंगे विपक्ष कैसी अनुभवहीन बातें कर रहा है जबकि कठोर परिश्रम के बाद स्थिति बदलती है , जिसके जरिए हम तीसरे नम्बर पर पहुंच पायेंगे ।



## कविता

### ईश्वर का हर पल करो वंदन अभिनंदन

जरा विचार कीजिए
आपके पसंद करने न करने से
मैं आदमी न रहकर
छोटा जीव जंतु या चौपाया
हो जाऊंगा ,
और आपकी पसंदगी से
मैं आदमी से ईश्वर
हो जाऊंगा
या मेरी काया महामानव
में रूपांतरित हो जाएगी।
ईश्वर ने मानव बना कर भेजा है
मानव बन कर संसार में
आए हैं तो
अपनी बुद्धि और आत्मा को
शुद्ध और ताजी हवा और
विचारों के झोंकों से
थोड़ा शुद्ध कर लो।
मानव की मानव सेवा
से ही परमार्थ होता है,
किसी की पसंदगी या
नापसंदगी से मानवीय
स्वरूप बदला नहीं करता,
हां ना पसंदगी, विरोध और
घृणा से मस्तिष्क में
मनोरोग की व्याधि जरूर

संजीव

# ड्रैगन की दरबार में हाहाकार

**किशन भावनानी गोंदिया**

**भारत में** 18 मई 1984 को रिलीज हुई हिंदी फीचर फिल्म शराबी का गीतकार अनजान द्वारा लिखा गया गीत, जहां चार यार मिल जाए वही रात हो गुलजार, महफिल रंगीन सजे, दौर चले धूम मचे,मस्त मस्त नजर देखें नए चमत्कार जहां चार यार, इस 40 साल पहले लिखे गए गीत का संज्ञान अगर हम आज उन चार यारों भारत अमेरिका ऑस्ट्रेलिया फ्रॉस जापान सहित सभी समान विचारधारा वाले देशों को दोस्तों के रूप में लें तो, नजर देखें नए चमत्कार के साथ जहां वैश्विक मानव कल्याण के लिए विकास गाथाओं के नए-नए आयाम मिलजुल कर लिखे जा रहे हैं, शिक्षा स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अनेक क्षेत्रों में एक दूसरे को साथ दे रहे हैं तो वहीं, आतंकवाद वित्तपोषण विस्तारवादी सोच वाले देशों पर वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार कर उन्हें अकेला सकेला करने की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं। जहां एक ओर भारत विस्तारवादी देश पर कई समय पहले से डिजिटल स्ट्राइक कर सैकड़ों चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाया है वहीं फिर अभी 1 नवंबर 2023 से लैपटॉप टेबलेट जैसे कई वस्तुओं के आयात पर बैन लगा दिया है, तो वहीं अमेरिका ने जून 2023 में विस्तारवादी देश ड्रैगन को डेवलपिंग कंट्री स्टेटस का दर्जा छीना है और अब 9 अगस्त 2023 को अमेरिकी वेंचर कैपिटल और प्राइवेट एक्टिविटीज फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंध करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं जो करीब 2 वर्षों के गहन विचार विमर्श के बाद हस्ताक्षर हुए हैं। ठीक उसी तरह यूरोपियन संघ के देश यूक्रेन-रूस युद्ध में एक पक्ष के समर्थन में चीन के होने से ईयू संगठन उनके खिलाफ हो गए हैं और अपने-अपने स्तरपर अनेक प्रतिबंध या तो लगाए गए हैं या फिर लगाने की योजनाएं चल रही है जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि अभी पिछले हफ्ते में चीन पर वैश्विक प्रतिबंधों में भारत और अमेरिका द्वारा प्रतिबंध की कड़ी में डेवलपमेंट किया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत-अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे हैं झटके पे झटका! वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार -ड्रैगन की दरबार में हाहाकार।

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा 9 अगस्त 2023 को चीन पर लगाए निवेश प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने चीन में अमेरिकी निवेश पर सीमा लगा दी है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए नेक्स्ट जेनरेशन मिलिट्री और सर्विलांस टेक्नोलॉजी को विकसित करने की क्षमता को प्रतिबंधित करने के प्रयासों के बीच उन्होंने ये कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को उन्होंने ये आदेश जारी किया है,जो कुछ चीनी सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस फर्मों में अमेरिकी निवेश को रेगुलेट करेगा। यानें अमेरिकी वेंचर केपिटल और प्राइवेट इक्विटी फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंधित कर देगा।

## विचार

# बदलेंगे अंग्रेजों के जमाने के कानून

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**11 अगस्त** 2023 को ब्रिटिश काल के 164 साल पुराने कानूनों को बदलने के लिए तीन नए विधेयक संसद में पेश किए गए। प्रतिस्थापित किए जाने वाले तीन कानून हैं - भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम। पेश किए जा रहे तीन नए विधेयक हैं भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक और भारतीय साक्ष्य विधेयक। "जिन कानूनों को निरस्त किया जाएगा... उन कानूनों का फोकस ब्रिटिश प्रशासन की रक्षा करना और उन्हें मजबूत करना था, विचार दंडित करना था न कि न्याय देना। उन्हें प्रतिस्थापित कर-के, नए तीन कानून लोगों के अधिकारों की रक्षा करने की भावना लाएंगे।"

इसका उद्देश्य सजा देने के बजाय न्याय प्रदान करना है। ये "आतंकवाद, मॉब-लिंचिंग और महिलाओं के खिलाफ अपराध" जैसे मुद्दों को संबोधित करेंगे। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली, जिसने 1860 से 2023 तक ब्रिटिश-निर्मित कानूनों का पालन किया है, महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है क्योंकि तीन कानूनों को बदलने की योजना है। यह बदलाव देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा। भारतीय संहिता सुरक्षा विधेयक की धारा 150 राजद्रोह की वैकल्पिक सजा को 3 से 7 साल तक बढ़ाने के लिए भारत के विधि आयोग की सिफारिश पर विचार करती है। आयोग ने देश की सुरक्षा और एकता को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए 153 साल पुराने राजद्रोह कानून को बरकरार रखने का सुझाव दिया है। आईपीसी की धारा 124ए (देशद्रोह कानून) को भी संशोधित कर आयोग राजद्रोह कानून को बदलने का प्रस्ताव करता है, जो वर्तमान में आजीवन कारावास या 3 साल तक की सजा की अनुमति देता है, वैकल्पिक रूप से 7 साल की सजा। इससे अदालतें गंभीरता के आधार पर दंड तय कर सकेंगी।

मॉब लिंचिंग पर एक नए प्रावधान से, सात साल की कैद या आजीवन कारावास या मौत की सजा का प्रावधान; वीडियो ट्रायल, एफआईआर की ई-फाइलिंग के माध्यम से त्वरित न्याय को सक्षम करना; राजद्रोह की परिभाषा का विस्तार; भ्रष्टाचार, आतंकवाद और संगठित अपराध को दंडात्मक कानूनों के तहत लाना; सजा के नए रूपों के रूप में सामुदायिक सेवा और एकांत कारावास की शुरूआत करना; किसी अभियुक्त की अनुपस्थिति में सुनवाई करना; और "कपटपूर्ण तरीकों" का उपयोग करके यौन संबंधों से संबंधित महिलाओं के खिलाफ अपराध के दायरे का विस्तार करना - नए विधेयक आपराधिक न्यायशास्त्र में महत्वपूर्ण बदलाव प्रदान करते हैं। भारतीय न्याय संहिता विधेयक की धारा 44 भीड़ के हमलों जैसे घातक हमलों के खिलाफ आत्मरक्षा की अनुमति देती है। धारा 31 कहती है कि नेक इरादे से संचार के माध्यम से अनजाने में नुकसान पहुंचाना अपराध नहीं है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत यदि आरोपी मुकदमे के दौरान अधिकतम सजा की आधी सजा काट लेता है तो उसे जमानत मिल जाती है। कुछ अपराधों का लक्ष्य लिंग-तटस्थ होना है। भारतीय न्याय संहिता में आतंकवाद और संगठित अपराध से संबंधित अपराध भी शामिल हैं। इन विधेयकों के आने से देश की न्यायिक व्यवस्था में काफी सुधार आएगा। आपराधिक न्याय प्रणाली ब्रिटिश औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति है, जिसे राष्ट्र पर शासन करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था, न कि नागरिकों की सेवा करने के लिए। आपराधिक न्याय प्रणाली का उद्देश्य निर्दोषों के अधिकारों की रक्षा करना और दोषियों को दंडित करना था, लेकिन आजकल यह प्रणाली आम लोगों के उत्पीड़न का एक साधन बन गई है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, न्यायिक प्रणाली में, विशेषकर जिला और अधीनस्थ अदालतों में लगभग 3.5 करोड़ मामले लंबित हैं, जो इस कहावत को चरितार्थ करता है कि "न्याय में देरी, न्याय न मिलने के समान है।" भारत में दुनिया के सबसे अधिक संख्या में विचाराधीन कैदी हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी)-प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया के अनुसार, हमारी कुल जेल आबादी का 67.2% विचाराधीन कैदी हैं। भ्रष्टाचार, भारी काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही त्वरित और पारदर्शी न्याय देने में बड़ी बाधा है। माधव मेनन समिति ने 2007 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली (सीजेएसआई) में सुधारों पर विभिन्न सिफारिशें सुझाई गईं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# बीवी होती है पति के जीवन की अंतिम गुरु

**नवेन्दु उन्मेष**

**आदमी का** अपने जीवन में कई तरह के गुरुओं से पाला पड़ता है। आदमी जैसे-जैसेअपने जीवन में आगे बढ़ता जाता है वैसे-वैसे गुरु भी बदलते जाते हैं। कहा जाता है कि बच्चे के लिए मां प्रारंभिक गुरु होती है। मां बच्चे को घर पर जीवन के कायदे कानून और संस्कृति की जानकारी देती है। मां बच्चे को चलना-फिरना, बोलना-बतियाना सिखाती है। यहां तक की समाज में उठना-बैठना भी सिखाती है। बच्चा जब स्कूल जाता है तो स्कूल में उसे एक अलग प्रकार के गुरु के दर्शन होते हैं। वह गुरु उसे पढ़ना-लिखना सिखाता है जो उसके जीवन का मुख्य आधार होता है। उसी गुरु के मार्गदर्शन में बच्चा प्रतियोगिता की भावना ने ओतप्रोत होता है और क्लास में अच्छे परिणाम लाता है। बच्चे के परिणाम से गुरु भी खुश होता है और बच्चा भी। पिता भी बच्चे का एक गुरु होता है जो बच्चे को जीवन में सफलता के लिए कई प्रकार की जानकारियां देता है। इसी लिए कहावत भी है बाढ़े पूत पिता के घर में। कई लोगों को अकसर आपने कहते सुना होगा कि यह बच्चा ठीक अपने पिता पर गया है। कई बार तो यह भी देखा गया है कि पिता के नैतिक और अनैतिक कार्य में बच्चा भी बड़ा होकर सहभागी हो जाता है। जब बच्चा बड़ा होकर किसी नौकरी में आता है तब उसे काम सिखाने वाला भी गुरु होता है। यह गुरु उसे आफिस के कल्चर को सिखलाता है। आफिस में कैसे काम करना है। आफिस में लोगों से किस प्रकार बातें करनी है। आफिस में आने वाले लोगों से किस प्रकार मिलना है। यह सब आफिस के गुरु सिखाते हैं। गुरुदीक्षा देने वाले भी एक प्रकार के गुरु होते हैं जो आदमी को मठ और विभिन्न प्रकार की धार्मिक संस्थाओं से जोड़ते हैं। वैसे पुस्तके भी गुरु होती हैं। जो मनुष्य को ज्ञान देने का काम करती हैं।

इनदिनों तो सोशल मीडिया के फेसबुक और वाट्सएप भी डिजिटल गुरु हो गये हैं। इसमें पाये जाने वाले गुरु भी लोगों को बताते हैं कि कैसे एक-दूसरे से प्यार करना है। यहां तक कि नफरत फैलाने की भी जानकारी देते हैं। इन गुरुओं की वजह से कई शहरों में दंगे भी हो चुके हैं। इन गुरुओं की वजह से नेताओं को वोट भी मिलते हैं।

# हमारा तिरंगा हमारा स्वाभिमान

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**राष्ट्रीय** ध्वज हमारे गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। दुनिया का कोई भी देश अपने राष्ट्रीय ध्वज को जान से भी अधिक सम्मान देता है। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए लाखों लोग बलिदान हो चुके हैं। भारत में राष्ट्रीय ध्वज विशेष अवसरों पर फहराया जाता है। बचपन में जब हम स्कूली शिक्षा ग्रहण कर रहे थे उस दौरान स्वाधीनता और गणतंत्र दिवस पर प्रभातफेरी निकाली जाती थी। उस दौरान स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर यह गीत गाया करते थे विजयी विश्व तिरंगा, प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा। राष्ट्रीय ध्वज की परिकल्पना सबसे पहले पिंगली वेंकैया ने की थी। यह आजादी का अमृतकाल है। देश के हर व्यक्ति को गौरव के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए। ऐसा करने अपने भीतर अपना देश, अपनी माटी की अकल्पनीय अनुभूति होती है और राष्ट्रीय भावना और मजबूत होती है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों से बना है। सबसे ऊपर केसरिया रंग की पट्टी हमारी ताकत को दशार्ती है। सफेद रंग की पट्टी शांति और सत्य का प्रतीक है। सबसे नीचे हरे रंग की पट्टी विकास, उर्वरता और समृद्धि का द्योतक है। सफेद रंग की पट्टी के मध्य स्थापित चक्र अशोक स्तंभ से लिया गया है। चक्र के भीतर कुल 24 से तीलियां है। यह भारत के निरंतर प्रगति का संकेत देती हैं। संविधान सभा की बैठक में 22 जुलाई 1947 को इसे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मान्यता मिली। हालांकि इसके पूर्व भी कई तरह के झंडे देश और विदेश में फहराए गए, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकार नहीं किया गया था। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कोई गुस्ताखी नहीं होनी चाहिए। क्योंकि यह हमारे गौरव, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक है। इसके सम्मान की हर हालत में रक्षा की जानी चाहिए। तिरंगे का अपमान राष्ट्र का अपमान समझा जाता है। फटे-पुराने एवं कटे हुए तिरंगे को नहीं फहराया जाना चाहिए। संविधान सभा की ओर से राष्ट्रीय ध्वज के रूप में इसे अंगीकार किए जाने के बाद अभी सिर्फ एक बदलाव किया गया जिसमें चरखे की जगह अशोक स्तंभ के चक्र का उपयोग किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज में कोई भी बदलाव नहीं हुआ।

# बाल विवाह होने पर हर रोज मरता है बच्चा: डॉ राज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** जिले में बाल तस्करी की रोकथाम के लिए जिलेभर में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तत्वाधान में एम डी डी ऑफ इंडिया की सोनीपत इकाई द्वारा बाल विवाह मुक्त सोनीपत पोस्टर जारी कर बाल विवाह रोकने के प्रति अभियान का आगाज किया गया । आयोजित कार्यक्रम श्रीमती सुनीता देवी जिला समन्वयक चाइल्ड लाइन सोनीपत के कार्यालय में सम्पन्न हुआ
गैर सरकारी संगठन MDD ऑफ इंडिया सोनीपत की इकाई से कम्युनिटी सोशल वर्कर सरिता , सुमन वशिष्ठ , मंजू शर्मा , प्रिंस भारद्वाज, रमन सिंह, आरती देवी , मंजीत सिंह विक्टिम सपोर्ट कोऑर्डिनेटर सुनीता सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कसम खाई की "हम ने ये ठाना है , बाल विवाह सोनीपत से मिटाना है ।



**डॉ राज सिंह सांगवान के नेतृत्व में 15 लोगों की टीम करेगी बाल विवाह पर प्रहार**
डॉ राज सिंह सांगवान ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व टऊ़ ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में जिले के 150 गांवों व कॉलोनियों को चिन्हित कर लिया गया है । जिसमे हर रोज एक कम्युनिटी सोशल वर्कर प्रतिदिन दो गांवों में सरकारी व सामाजिक तंत्र से जुड़े लोगों से मिलकर बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामो के बारे में लोगो को जागरूक करेंगे । डॉ सांगवान ने बताया कि जिला स्तर पर प्रशासन के सहयोग से बाल विवाह कानून व इसके नए संशोधनों पर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन कर अधिकारियों व कर्मचारियों को जागरूक करेंगे। गांव में बच्चों की वाल विवाह के खिलाफ रैली निकालकर चलाया जाएगा जनजागरूकता अभियान ।
इस दौरान लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ भी दिलाई जाएगी । मुख्य वक्ता ने उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए बताया कि एम डी डी ऑफ इंडिया करनाल लम्बे अर्से से स्कूलों, आंगनबाड़ियों, पंचायतों के अलावा घर-घर जाकर बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल मजदूरी व बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है और लोगों को बच्चों के हो रहे बाल विवाह व ट्रैफिकिंग रोकने की शपथ दिला रहा है। इन सतत प्रयासों का उद्देश्य बच्चों की ट्रैफिकिंग बाल श्रम और बाल विवाह के खिलाफ लोगों में जागरूकता के स्तर को बढ़ाना और इसकी बुराइयों से अवगत कराना है। यद्यपि पिछले एक दशक में देश में केंद्र और राज्य सरकारों ने बच्चों की ट्रैफिकिंग बाल विवाह व बाल श्रम कानूनों पर नए संसोधन लाये गए हैं व इन बुराइयों पर काबू पाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं लेकिन आम लोगों में जागरूकता की कमी के कारण ये प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पाए हैं।

**अभियान**

**गांव में बच्चों की वाल विवाह के खिलाफ रैली निकालकर चलाया जाएगा जनजागरूकता अभियान**

# बजाना कलां के ग्रामीणों ने शहीदों की याद में निर्मित करवाया शिलाफलक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर(सोनीपत)।**
आजादी के महापर्व को ऐतिहासिक बनाने के लिए देश में चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा अभियान के अंतर्गत शनिवार को गन्नौर खण्ड के गांवों बजाना कलां में देश भक्ति पर आधारित भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव के शहीद सपूत सुरेन्द्र कुमार व विकास काद्यान की याद में शिलाफलक निर्मित करवाया। शहीद सुरेन्द्र कुमार वर्ष 2006 में 12 एसआरजी में कमांडो पद पर देश की रक्षा करते-करते शहीद हो गए थे और शहीद विकास काद्यान 103 आरएएफ बटालियन में तैनाती के दौरान इस वर्ष 2023 में शहीद हो गए थे।
कार्यक्रम में समाजसेवी देवेन्द्र काद्यान ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश में चलाया जा रहा मेरी माटी मेरा देश अभियान हमारे हृदय में देश की मिट्टी और आजादी के सेनानियों के बलिदान के प्रति असीम प्रेम को दशार्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज हम सभी को स्वतंत्रता दिवस के पर्व को ऐतिहासिक बनाने के साथ-साथ अपने देश की मिट्टी का नमन और स्वतंत्रता सेनानियों के पराक्रम को याद करते हुए वंदन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।
उन्होंने कहा कि हमें अपने दोनों शहीद सैनिकों पर बड़ा गर्व है कि उन्होंने गांवों की मिट्ट्द्दी में बड़ा होकर देश की रक्षा करते हुए अपना बलिदान दे दिया ताकि हम ऐसे ही आजादी की हवा में सांस लेते रहे। उन्होंने कहा कि इन वीर शहीदों ने अपने परिजनों के साथ-साथ गांवों का भी नाम रोशन किया है इसलिए गांवों के हर युवा को इनके बलिदानों से प्रेरणा लेकर देश की रक्षा व प्रभुता के लिए कार्य करना चाहिए।
एसडीएम निर्मल नागर ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में स्वतंत्रता सेनानी व शहीदों के परिजनों को सम्मान पूर्व सम्मानित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के समापन अवसर पर युवा पीढ़ी को राष्ट्र भावना बारे प्रेरित करना है। देश केगौरवमय इतिहास बारे उन्हें बताना है। कार्यक्रम के दौरान 12 एसआरजी बटालियन से आए वीर कमांडो सैनिकों ने शहीद सुरेन्द्र कुमार के परिजनों को सम्मानित किया और उन्हें बताया कि उनका बेटा बहुत ही बहादुर और साहसी था जो देश की रक्षा करने में हमेशा आगे रहता था। इसके अपरांत ग्रामीणों ने अमृत वाटिका स्थापित करते हुए पौधारोपण किया और संकल्प लिया कि वे जीवन में ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करेंगे। ग्रामीणों ने इस दौरान पंच प्रण संकल्प, राष्ट्रगान के साथ वतन की मिट्ट्द्दी को नमन और वीरों का वंदन किया। इस मौके पर बीडीपीओ पूनम चंदा, गांव के सरपंच मेहर सिंह काद्यान, एसईपीओ जय भगवान, ग्राम सचिव अनिल सहित गावों के सैकड़ों युवा व ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### नारनौल की कोमल वर्मा ने हासिल किया गोल्ड मेडल

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
नारनौल। शहर नारनौल की बेटी कोमल वर्मा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी में टॉप कर गोल्ड मेडल हासिल किया है। कोमल वर्मा पुत्री श्री लेखराज वर्मा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षांत समारोह में एमएससी (अप्लाइड जियोलॉजी) विषय में टॉप कर गोल्ड मेडल हासिल किया । कोमल वर्मा ने अपनी सफलता के लिए अपने पिता श्री लेखराज वर्मा, माता श्रीमती मीना कुमारी वर्मा तथा अपने अध्यापकों को इसका श्रेय दिया है। कोमल वर्मा की कामयाबी पर उनके दादाजी श्री ओम प्रकाश वर्मा, शिवलाल वर्मा, जगदीश वर्मा और ताऊजी राजेंद्र वर्मा और योगेंद्र वर्मा तथा परिवार के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं देते कोमल के उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

### महेन्द्रगढ़ के मीडियाकर्मियों ने जताया पूर्व मंत्री का आभार

**महेन्द्रगढ-**महेंद्रगढ के सभी पत्रकार एवम् छायाकार बंधुओं ने पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा का उनके आवास पर पहुँचकर आभार जताया। सभी पत्रकार बंधुओं ने पगड़ी पहनाकर, शौल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया। हरियाणा पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप बालरोडिया ने इस अवसर पर कहा कि यह महेंद्रगढ के पत्रकार बंधुओं की पुरानी माँग थी। इसके लिए सभी ने एक लंबा संघर्ष किया। आज यह बड़ी माँग पूरी हुई है जिसके लिये सभी साथी पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा का आभार प्रकट करते हैं। इसके साथ मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य और हरियाणा पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष केबी पंडित जी का भी आभार व्यक्त करते हैं। पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि वे सदैव पत्रकार बंधुओं के हको की लड़ाई लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। यह मीडिया सेंटर बनने से हमारे पत्रकार साथियों को बहुत लाभ मिलेगा।

### आशा वर्कर्स की मांगों को पूरा करवाने में सड़क से लेकर विधानसभा तक नहीं छोड़ेंगे कसर : सुरेंद्र पंवार

**सोनीपत।** आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले सैकड़ों आशा वर्कर्स ने विधायक सुरेंद्र पंवार के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। विधायक सुरेंद्र पंवार ने ज्ञापन देने पहुंचे सभी वर्कर्स को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को पूरा करवाने के लिए सड़क से लेकर विधानसभा तक कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।
विधायक सुरेंद्र पंवार को दिए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत्त है। लेकिन उनकी मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा। इसकी वजह से प्रदेशभर से करीब 20 हजार आशा वर्कर्स 8 अगस्त से हड़ताल पर है। उन्होंने बताया कि 2018 के बाद से आशा वर्कर्स के काम में कई गुणा बढ़ोत्तरी हो चुकी है, परंतु बीते पांच साल में कोई मानदेय में बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। उन्होंने मांग की है कि आशा वर्कर्स के मानदेय में बढ़ोत्तरी की जाए और 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन दिया जाए। आशा वर्कर्स को पक्का कर्मचारी बनाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने आशा वर्कर्स को ईएसआई, पीएफ, रिटायरमेंट बेनिफिट, सामाजिक सुरक्षा लाभ, अनुभव और योग्यता के आधार पर पदोन्नति, रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष, ड्रेस के 2000 रुपये वार्षिक देने सहित अन्य मांगों के बारे में अवगत करवाया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि इस संघर्ष के पथ वह उनके साथ है। विधानसभा के मानसून सत्र में भी उनकी मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। इस दौरान आनंद शर्मा, शीलक, अनिता, पूनम सहित बड़ी तादाद में कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 13 को

**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद**
**नांगल चौधरी।** गुर्जर कल्याण परिषद नारनौल के अध्यक्ष कुलदीप सिंह भरगड़ एडवोकेट एवम वीर गुर्जर विकास समिति नांगल चौधरी के सुरेश रावत ने बताया कि ज़िला महेंद्रगढ़ में इस वर्ष भी ज़िले में प्रति वर्ष की भांति तृतीय गुर्जर प्रतीभा सम्मान समारोह वर्ष 2023 का आयोजन समस्त गुर्जर समाज ज़िला महेंद्रगढ़ द्वारा दिनांक 13अगस्त को गुर्जर भवन नांगल चौधरी मे प्रातः 10 बजे होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता महेंद्र गुर्जर स्थाई सदस्य गुर्जर कल्याण परिषद नारनौल होने । समाज द्वारा आह्वान किया गया है कि जिला महेंद्रगढ़ के गुर्जर समाज के छात्र-छात्राओं को इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया हैं, और योग्य छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है।

# 'तिरंगे की रक्षा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
माँ भारती रक्तवाहिनी की मुहिम तिरंगा सम्मान संकल्प के तहत स्कूलों में जागरूकता अभियान अब जोर पकड़ रहा है । राजकीय माध्यमिक विद्यालय जाट जोशी व रेवली के स्कूलों में सँस्था के सदस्य पहुचे । सँस्था के पदाधिकारी प्रेम गौतम ने स्कूली बच्चों को तिरंगा फहराने के नियमों की जानकारी दी । उन्होंने कहा कि 15 अगस्त व 26 जनवरी को हम राष्ट्रीय ध्वज को लगा कर भूल जाते है कुछ दिनों बाद राष्ट्रीय ध्वज फट जाता है , मैला हो जाता है रंग बदल जाता है या उसके धागे निकल आते है उस स्तिथि में उसे तुरन्त बदले या



उतार कर रखे । खंडित राष्ट्रीय ध्वज को बदहाल अवस्था मे न छोड़े । तिरंगा बदलने के लिए हमे 15 अगस्त या 26 जनवरी के इंतजार नही करना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज के खंडित होते ही बदले । सभी बच्चों से आग्रह करते हुए कहा कि घर जाकर सबसे पहले अपनी छत पर 1 वर्ष से लगे खंडित राष्ट्रीय ध्वज को उतारे और स्कूल के प्राचार्य के पास जमा करवाये।

## स्वर्ण पदक जीत कर लौटे सीआरपीएफ के खिलाड़ियों का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, खेवड़ा में शनिवार को कनाडा के विनिपेग में आयोजित प्रतियोगिता से स्वर्ण पदक जीत कर लौटे सीआरपीएफ की केन्द्रीय मुक्केबाजी टीम के खिलाड़ी शंकर व सविता के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीआरपीएफ की केन्द्रीय मुक्केबाजी टीम के खिलाडियों ने कनाडा के विनिपेग में 28 जुलाई 2023 से 06 अगस्त 2023 तक तक आयोजित विश्व पुलिस और फायर गेम्स में स्वर्ण पदक जीत कर अपने बल के साथ-साथ अपने भारत देश का नाम भी ऊंचा किया गया। कनाडा के विनिपेग में आयोजित प्रतियोगिता में 70 देशों के लगभग 5700 खिलाडि?ों द्वारा भाग लिया गया, जिसमें सीआरपीएफ की केन्द्रीय मुक्केबाजी टीम के खिलाडी शंकर व सविता द्वारा फील्ड में स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा कायम किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात दोनों खिलाड़ियों को विशेष वाहन के माध्यम से कैम्पस में भ्रमण करवाया गया, जहां बल के अधिकारियों, जवानों, कैम्पस में निवासरत सदस्यों द्वारा खिलाड़ियों का फूल-माला अर्पण कर भव्य स्वागत किया गया। वहीं कैम्पस के बुजुर्गों द्वारा भी दोनों खिलाड़ियों को आशिर्वाद दिया।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान में आधा दर्जन गांवों में स्थापित की गई अमृत वाटिका

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर देश में चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत गन्नौर की विभिन्न पंचायतों में शिलाफलक का निर्माण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अमृत वाटिकाएं स्थापित की जा रही हैं। इसी कड़ी में शनिवार को गन्नौर उपमण्डल के आधा दर्जन गांवों भोगीपुर, शाहपुर तगा, माजरी, बजाना कलां, चिरसमी, पुरखास राठी व तेवड़ी में अमृत वाटिका स्थापित कर पौधरोपण किया गया। गांव भोगपुर में सरपंच व ग्रामीण वीरेंद्र राठी के साथ जिले



सिंह राठी, रुपेश राठी व अन्य पौधारोपण कर ग्रामवासियों द्वारा पंच प्रण की शपथ भी ली गई। प्रत्येक ग्राम पंचायत द्वारा अमृत वाटिका में 200 पौधे रोपें गए। अभियान में महिलाओं, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

### जीवीएम की कोमल ने कालेज में किया पौधारोपण

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कालेज की बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल ने यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम के अंतर्गत शुरू की गई ग्रीन वोल्यूंटियर स्कीम के तहत कालेज परिसर में पौधारोपण किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कोमल का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की मजबूती के लिए यह बेहतरीन योजना है। जीवीएम की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम की संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने बताया कि पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से ग्रीन वोल्यूंटियर स्कीम प्रारंभ की गई है। इस स्कीम के तहत स्वयंसेविकाओं को एक पौधा लगाकर उसका पूर्ण पालन-पोषण करने का जिम्मा उठाना होगा।

# कविता लेखन गायन में नव ज्योति शिक्षा सदन व एच जी खुबीराम के जय और अंजलि ने लहराया परचम

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**अपोलो** इंटरनेशनल स्कूल में भारत विकास परिषद शाखा गन्नौर ने सांस्कृतिक महा की छठी प्रतियोगिता, कविता लेखन व गायन प्रतियोगिता शाखा अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ । संस्कृति माह की संयोजिका रजनी जैन, शाखा सचिव एडवोकेट अंकित त्यागी, प्रांतीय उपाध्यक्ष संपर्क योगेश कौशिक ने प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे बच्चों का उत्साह बढ़ाया प्रतियोगिता में आचार्य लखीराम शास्त्री और



आचार्य पवन शास्त्री जज की भूमिका निभाई और इस कविता लेखन व गायन प्रतियोगिता का रिजल्ट घोषित किया । इस प्रतियोगिता में एच.जी खुबी राम नव ज्योति स्कूल खूबडू के दो बाल कवियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जनता सीनियर सेकेंडरी स्कूल गन्नौर और प्रयास इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर के बाल कवियों ने सामूहिक रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, तीसरा स्थान हैप्पी चाइल्ड स्कूल गन्नौर और स्वामी चेतना स्कूल गन्नौर के बाल कवियों ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में दर्जन स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर परिषद की उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक , एडवोकेट नेहा त्यागी, काजल जैन आदि पदाधिकारी मौजूद थे ।

## परिधान प्रतियोगिता: आर्य आदर्श स्कूल प्रथम व डीएवी स्कूल रहा दूसरे स्थान पर



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा द्वारा संस्कृति माह के अंतर्गत आर्य आदर्श विद्यालय में छोटे बच्चों की ललित परिधान प्रतियोगिता हुई । इसमें 11 स्कूलों के 33 बच्चों ने भाग लिया। स्कूल की मुख्य अध्यापिका सुषमा भूटानी एवं प्रताप भूटानी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार विवेक (आर्य आदर्श विद्यालय) द्वितीय पुरस्कार नमन डी ए वी पब्लिक स्कूल , तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से दिव्यम गीता विद्या मंदिर गन्नौर और मानवी चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा गन्नौर ने प्राप्त किया। प्रोत्साहन पुरस्कार आर्य आदर्श विद्यालय की रितिका, बी. आर.ग्लोबल स्कूल की जीविका, बाल भारती मॉडर्न स्कूल, घसौली की नित्या और जे पी जैन डी. ए. वी. स्कूल गनौर के अथर्व को दिया गया। शाखा सचिव मंजू शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष संस्कार प्रवीण सिंघल ने धन्यवाद किया। डॉ शशिकांता शर्मा, प्रीतम आहूजा एवं भारत भूषण भूटानी निर्णायक के रूप उपस्थित रहे।

# 'देश की मिट्टी को नमन व वीरों का वंदन करने का मिल रहा सौभाग्य'

**गांव बजाना कलां के ग्रामीणों ने गांवों के शहीदों की याद में निर्मित करवाया शिलाफलक**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
आजादी के महापर्व को ऐतिहासिक बनाने के लिए देश में चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा अभियान के अंतर्गत शनिवार को गन्नौर खण्ड के गांवों बजाना कलां में देश भक्ति पर आधारित भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव के शहीद सपूत सुरेन्द्र कुमार व विकास काद्यान की याद में शिलाफलक निर्मित करवाया। शहीद सुरेन्द्र कुमार वर्ष 2006 में 12 एसआरजी में कमांडो पद पर देश की रक्षा करते-करते शहीद हो गए थे और शहीद विकास काद्यान 103 आरएएफ



बटालियन में तैनाती के दौरान इस वर्ष 2023 में शहीद हो गए थे। कार्यक्रम में पहुंचे मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन व समाजसेवी देवेन्द्र काद्यान ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश में चलाया जा रहा मेरी माटी मेरा देश अभियान हमारे हृदय में देश की मिट्टी और आजादी के सेनानियों के बलिदान के प्रति असीम प्रेम को दशार्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज हम सभी को स्वतंत्रता दिवस के पर्व को ऐतिहासिक बनाने के साथ-साथ अपने देश की मिट्टी का नमन और स्वतंत्रता सेनानियों के पराक्रम को याद करते हुए वंदन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपने दोनों शहीद सैनिकों पर बड़ा गर्व है । बीडीपीओ पूनम चंदा ने कहा कि गांव कि मिट्टटी में बड़ा होकर देश की रक्षा करते हुए अपना बलिदान दे दिया ताकि हम ऐसे ही आजादी की हवा में सांस लेते रहे। एसडीएम निर्मल नागर ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में स्वतंत्रता सेनानी व शहीदों के परिजनों को सम्मान पूर्व सम्मानित किया जा रहा है।

## वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत किया शिलाफलक का निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना**
**मेरी माटी** मेरा देश अभियान के तहत जिले में शहरी क्षेत्र से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में में शनिवार को वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत जिला सोनीपत के ब्लॉक मुडलाना के गांव बरोदा ठुठान व बरोदा मोर में शिलाफलक का निर्माण कर पंच प्रण लिया। उपमंडल अधिकारी (ना०) आशीष वशिष्ठ्द ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत उपमंडल की ग्राम पंचायतों में शिला फलक स्थापना, पंच प्रण प्रतिज्ञा, अमृत वाटिका की स्थापना, वीरों का



वंदन, हर घर तिरंगा फहराने जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि देश के प्रति समर्पण एवं बलिदानियों के प्रति सम्मान को प्रदर्शित करने का यह एक बेहतर सुवसर है, जिसमें सभी लोगों को बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। इसमें जन-प्रतिनिधियों का पूरा सहयोग लेकर इसे जन-अभियान के रूप में संचालित किया जायेगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

# भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग का हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** रामलीला कमेटी, आदर्श शिक्षा संस्थान, आदर्श धर्मार्थ संस्थान, न्यू अपराजिता सामाजिक संस्था, श्री श्याम सत्संग मंडल, श्री सनातन धर्म मंदिर आदि संस्थाओं के द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, महामंत्री योगेंद्र चंदोलिया व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल का अभिनंदन किया गया।
इस अवसर पर सैकड़ों संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सतीश गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश की जनता का अटूट विश्वास नरेंद्र मोदी के साथ है, वे आप सब के आशीर्वाद से 2024 में पुनः प्रधानमंत्री बन नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। श्री गर्ग ने मोदी के उपलब्धियों को गिनाते हुए







एक पल भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त का जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय देश की दशा और दिशा बदलने में निर्णायक साबित हुआ है। श्री गर्ग ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत को सम्मान की दृष्टि से देखता है। उज्जवला योजना से गरीबों को लाभान्वित करना हो या अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर का निर्माण , स्वयं के दस्तावेज सत्यापित करने का अधिकार या आयुष्मान योजना के तहत नागरिकों का 5 लाख तक का मुक्त इलाज। इस अवसर पर योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री सदैव राष्ट्रहित व जनकल्याण को सर्वोपरि मानते हैं उन्होंने इसके निहित अनेक कार्य किए हैं। योगेंद्र चंदोलिया ने इस अवसर पर स्वर्गीय मांगेराम गर्ग के जीवन को प्रेरणा स्रोत बताया। रामलीला के अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने सभी का आभार प्रकट किया।

# प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्षों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के नेतृत्व में आज बी.एल.ए.-1, 11 जिला प्रतिनिधियों और जिला अध्यक्षों की बैठक ली गई, जिसमें सभी को निर्देश दिया गया। लोकसभा चुनावों से दिल्ली के सभी जिला चुनाव कार्यालयों में जो ईवीएम और वीवीपेट मशीनों की फर्स्ट लेवल चैकिंग अपने सामने करवानी है और यह जानकारी भी एकत्रित करनी है कि ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के सीरियल नंबर, मेक, निर्माण कंपनी सहित आदि विवरण प्राप्त करना है। बैठक में बी.एल.ए.-1 को जिम्मेदारी दी गई है कि यह मशीने इसके पहले कहां उपयोग



में आई थी, कहां से लाई गई और अब कहां रखी गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एम-3 ईवीएम नई मशीने लेकर आई है उस पर कोई जानकारी नही दी है और चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया साफ नही है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के अलावा पूर्व विधायक विजय लोचव, बूथ मेनेजमेंट कमेटी चेयरमैन राजेश गर्ग, लीगल व मानव अधिकार विभाग के चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार, अभाककमेटी से एडवोकेट अलीजो जोसेफ, रमेश सब्बरवाल, कृष्ण मुरारी जाटव, हरी दत शर्मा, जिला अध्यक्ष राजेश चौहान, सतबीर शर्मा, रितू हिसं चौहान, राम नरेश मुदगिल और पंकज मेहता मुख्य रुप से मौजूद थे। चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि ईवीएम और वीवीपेट मशीनों की फर्स्ट लेवल चैकिंग के लिए हमने दिल्ली के 11एमडीएम को पत्र लिख कर मांग की गई थी, उनके द्वारा हमारी मांग नही मानने पर प्रदेश कांग्रेस ने मुख्य चुनाव अधिकारी डा. रनबीर सिंह से मिलकर अपनी मांग रखी थी। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यालय में आयोजित बैठकों में बीएलए द्वारा सुझावों व उठाई गई मांगों पर ध्यान नही दिया जाता है, सिर्फ चाय पिलाकर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को टाल दिया जाता है। हमने प्रत्येक जिला एसडीएम आफिस से सम्पर्क बनाने और ईवीएम और वीवीपेट मशीनों के चैकिंग के लिए प्रत्येक विधानसभा में बीएलए-1 के साथ 11 जिला प्रतिनिधि भी बनाऐ है ताकि चुनाव कार्यालय में एसडीएम के साथ समन्वय बनाकर ईवीएम और वीवीपेट मशीनों की फर्स्ट लेवल चैकिंग का काम हो सके।

# 'नालियों का टूटा मलबा डालकर गलियां की बंद'


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नांगलोई** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर-47 निहाल विहार से निगम द्वारा की गई लापरवाही का मामला सामने आया है। जहां निगम द्वारा नालियों को तोड़कर पुनः तो बनाई गई हैं, लेकिन उस मलबे को गली में ही फेंक दिया गया हैं, जिससे वह गली पुरी तरह से बंद हो चुकी है।
**क्या हैं मामला:** दरअसल मामला निहाल विहार के सत्संग रोड़ स्थित एस ब्लॉक का हैं, जहां पर दिल्ली नगर निगम द्वारा टूटी हुई नालियों की मरम्मत करके पुनः बनाने का कार्य चल रहा था और जिन नालियों को तोड़ा गया था उसका मलबा गलियों में ही डाल



दिया गया। अगर स्थानीय लोगों की माने तो उन्होंने बताया कि जब हमने आपत्ति जताते हुए निगम कर्मियों व अधिकारी से पूछा कि यहां पर मलबा क्यों डाल रहें हो, इससे तो गली बंद हो जाएगी, तो इस पर निगम के अधिकारी ने जवाब देते हुए कहा कि कुछ दिन की बात हैं, काम खत्म होते ही ट्रेक्टर द्वारा मलबा उठा लिया जाएगा, जबकि मलबा अभी भी नहीं उठाया गया हैं।
**क्या कहते हैं स्थानीय निवासी:** प्रदीप गुप्ता ने बताया कि लगभग तीन साल पहले जब कुछ नालियां बनाई गई थी, तब निगम के कर्मचारियों द्वारा मलबा फेंक कर एक गली बंद कर दी गई थी, तो फिलहाल में भी निगम द्वारा फिर से नालियों को तोड़कर बनाया जा रहा हैं और उन नालियों का मलबा अब दूसरी गली में डालकर उसे भी पूरी तरह से बंद कर दिया गया हैं।
वहीं एस ब्लॉक के रहने वाले अनूज वर्मा का कहना हैं कि हमने कई बार निगम के संबंधित अधिकारी को भी शिकायत की लेकिन कोई जवाब नहीं मिला और समस्या जस की तस बनी हुई हैं।

# ताकि हम आजाद भारत में साँस ले सकें... आशुतोष जी महाराज

**प्रत्येक** वर्ष 15 अगस्त को, हम भारतीय पूरे जोश व उल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। यही वह तारीख है, जब सन् 1947 में अंग्रेजी हुकूमत से हम सभी को आजादी मिली थी। इतिहास की एक ऐसी उज्ज्वल सुबह, जब भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की कड़ी तपस्या रंग लाई थी। तब हर भारतीय के होंठों पर गुंजायमान था, सिर्फ एक ही तराना- ह्यअब हम आजाद हैं! पर हाँ, यह युग सत्य है कि इस आजादी को पाना आसान न था। इसके लिए स्वतंत्रता सेनानियों को शूलों से भरे लम्बे रास्तों पर नंगे पाँव चलना पड़ा था। बेइंतहां जुल्म और पीड़ा के दरिया को पूरी दिलेरी से पार



करना पड़ा था। इस स्वतंत्रता के महासंग्राम में कई दिल दहला देने वाली घटनाएँ घटीं... जिनको सुनकर कभी नयन नम, तो कभी मस्तक गौरवान्वित हो उठता है। तो पढ़ते हैं, वीर-रस से ओतप्रोत भारतीय सपूत के एक ऐसे ही बलिदान को!

**भारत का सूर्य पुत्र...जिसने आजादी का स्वप्न देखा!**
सूर्य सेन बंगाल के क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे। खासकर चटगाँव में जो 'ब्रिटिश विरोधी आंदोलन' हुआ, उसके ये मुख्य नायक भी थे। 18 अप्रैल, 1930 को सूर्य सेन के नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने चटगाँव में स्थित ब्रिटिश शास्त्रागार को लूट लिया था और चटगाँव कुछ दिनों के लिए अंग्रेजी शासन से मुक्त हो गया था। बंगाल भर में क्रांति की अलख सूर्य ने बड़ी तेजी से जगाई थी। इसी वजह से अंग्रेजी हुकूमत सूर्य को धर दबोचने के लिए लगातार प्रयासरत थी। पर उनसे बचने के लिए सूर्य निरन्तर अपने निवास-स्थान बदलते रहते। एक बार उन्होंने नेत्र सेन नामक एक व्यक्ति के घर में शरण ली। सूर्य सेन के ऊपर अंग्रेजों ने 10,000 रुपये का ईनाम रखा हुआ था। इसी लालच में आकर नेत्र सेन विश्वासघात कर बैठा। उसने ब्रिटिश अधिकारियों को सूचना दे दी। इस जानकारी को प्राप्त करते ही उन्होंने सूर्य को नेत्र सेन के घर से गिरफ्तार कर लिया। सूर्य के पकड़े जाने के कुछ दिनों बाद ही एक अज्ञात व्यक्ति नेत्र सेन के घर में घुसा और डा (बड़े चाकू) के एक ही वार से उसकी हत्या कर दी। नेत्र सेन की पत्नी ने यह सारी घटना अपनी आँखों के सामने देखी थी। पर जब पुलिस विभाग के लोग उसके घर आए, तो उसने उस हत्यारे का हुलिया व नाम बताने से बिल्कुल इन्कार कर दिया। उसने कहा- 'मैं यह जानते हुए भी कि वह हत्यारा कौन है, आपको कुछ नहीं बताऊँगी। मेरा मन, मेरी आत्मा इस बात की कतई गवाही नहीं देती। और मुझे इस बात का कोई गम भी नहीं है। है तो बस आत्मग्लानि कि मैं इनके जैसे देशद्रोही, अधर्मी इंसान की पत्नी थी।
मेरे पति भारत माता के आँचल के धब्बे थे। धन्य है वह सपूत, जिसने उसे पोंछ डाला! ...मैं जानती हूँ कि अब सूर्य दादा (भाई) को फाँसी लग जाएगी।



जनता फ्लैट लक्ष्मीबाई एन्कलेव में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी।

# देश भक्ति में लीन हुआ सदर बाजार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्वतंत्रता** दिवस के उपलक्ष पर देशभर में जोर शोर से तैयारियां चल रही है इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेरी माटी मेरा देश की घोषणा के बाद लोगों में और उत्साह बढ़ गया है।
इसको देखते हुए फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से शहीद क्रांतिकारियों को नमन कर के कुतुब रोड चौक से 12 टूटी चौक तक राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए तिरंगा मार्च निकाला गया। जिसमें मुख्य रुप से फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, संयोजक पवन कुमार वाइस चेयरमैन पवन खंडेलवाल, राज सपरा,



महासचिव सतपाल सिंह मंगा, कमल कुमार,रजिंदर शर्मा, सुधीर जैन, चौधरी योगेंद्र सिंह, सुरेंद्र महिंदर, सुरेंद्र भारती, राजकुमार गुप्ता सहित काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।
इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव बताया सभी हाथों में तिरंगे व मिट्टी के साथ-साथ क्रांतिकारियों की तस्वीर लेकर चल रही थे और भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद और के साथ-साथ देशभक्ति के गीत गाते हुए तिरंगा यात्रा निकाल रहे थे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव बताया कि पूरे बाजार को कि तिरंगों से सजाया गया है और जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का जोर-शोर किया गया।

# सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए: दिनेश कुमार





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्री** अमरनाथ लंगर कमेटी द्वारा अध्यक्ष सतीश महाजन के नेतृत्व में पिछले 40 दिनों से श्री अमरनाथ श्रद्धालुओं में मां वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन लंगर का आयोजन किया जा रहा था, इसी उपलक्ष्य में आज लंगर का भोग डाला गया। वहीं से विवाह का आयोजन भी हुआ। शिव विवाह श्रीमणि में जनोंमो द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री राधा कुंज बिहारी ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कुमार कोली, वृंदावन से महंत कालिदास, पवन कुमार रिशु, राजकुमार बिट्ठू, संजीव डोगरा, पप्पू प्रधान, आनंद मोटर वाले उपस्थित रहे। सर्वप्रथम हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। तत्पश्चात शिव विवाह का आयोजन किया गया तथा अंत में भक्तों ने भंडारा भी ग्रहण किया। सतीश महादेव ने कहा कि वह उन सभी सज्जनों व भक्तों का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस लंगर को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर विनोद शर्मा, बलजीत सिंह, राकेश, सुरेंद्र पाल, मूलचंद माहौर भी उपस्थित रहे।

# आजादपुर : ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ऑल** इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय कार्यालय का उद्घाटन आजादपुर एमसीडी कॉलोनी में किया गया।
इस मौके पर अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जय किशन, वीर सिंह धिगांन, निगम पार्षद मुकेश गोयल, निगम पार्षद विकास टांक, पूर्व निगम पार्षद गुड्डी देवी, करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, एससी डिपार्टमेंट के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार, विजय बोहत, पिंकी सूद, सत्यवान पंवार, हरीपाल, सुधीर चौधरी, शरद सांगवान, विक्रम भजनी, कमल चंदेलिया, संजीव जावा, कमल कांगडा, कमल सारसर, अशोक







बागडी, अशोक पार्चा, संत लाल चावरिया, वीरेन्द्र टॉक, श्याम सिंह सिसोदिया, विजय चौहान, टिनू पंडित और ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के पदाधिकारियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया, सतीश टॉक, दीपक बग्गा, नरेश कीर, अनीता ढिलौर, जय भगवान, जगदीश, संजय पंवार, विजय महरोलिया, वैद्य जी, विजय सिंह, विजय पार्चा, करण सिंह मेहरौलिया, टोनी चिडालिया, नन्द किशोर ढिलोर, सुरेन्द्र सूद, रमेश सर्मपित, सीमा चंडालिया, अशोक कांगड़ा, जय पाल मेहरोलिया, पुष्पा रानी टॉक, आशीष सूद, सूरज करौतिया मौजूद रहे। फ्रंट के पदाधिकारियों ने आये हुए गणमान्य लोगों को स्वागत किया। इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का स्वागत व धन्यवाद किया और ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी।

## न्यूज फ्लैश

### सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने गेल गैस का लगवाया कैम्प



**सोनीपत:** शनिवार दिनांक 12 अगस्त को सीनियर मेयर श्री राजीव सरोहा राठधना जी के सौजन्य से गेल गैस सोनीपत ऑफिस द्वारा सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक गैस बिल जमा करने हेतु कैम्प लगवाया गया। युवा ज़िला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने बताया की बिल भुगतान करने पर 100% ब्याज व जुमार्ना माफ किया गया।राठधना गाँव में करीब 250 कनेक्शन धारको के बिल बकाया थे जिनमे से करीबन 150 कनेक्शन धारको ने सुविधा का लाभ उठाते हुए ब्याज व जुमार्ने पर 100% छूट के साथ अपने बिल का भुगतान किया।यह कैम्प कल 13 अगस्त को भी गाँव के सरकारी स्कूल में सुबह 11 बजे से शाम के 5 बजे तक लगाया जायेगा। इस मौके पर युवा कांग्रेस के ज़िला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा,गेल गैस के मैनेजर अभिषेक वशिष्ठ, सीनियर फायर ऑफिसर रंजन यादव,कैम्प इंचार्ज दीपक शर्मा ,अन्य स्टाफ व गाँव के गणमान्य व्यक्ति मोजूद रहे।

### भारतीय संहिता लागू होने से बढ़ेगा देश का गौरव: झरौठी

**सोनीपत/रमेश कुमार**



पूर्व चैयरमैन एडवोकेट अनिल झरोठी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही गौरवशाली दिन है क्योंकि आज ग्रह मंत्री अमित शाह के द्वारा आज नये भारतीय संहिता कानून पेश किया गया है जो कि पास होने पर भारतीय संहिता के अनुसार होने से हर भारतीय नागरिक गौरव महसुस करेगा पूर्व चैयरमैन एडवोकेट अनिल झरोठी ने कहा कि भारतीय संहिता लागू होने से अग्रजो के जमाने से चले आ रहे अग्रजी कानून से अग्रजरीयत नही बलिक भारतीयता महसुस होगी पुराने कानून मे जो गुलामी की दुगनध आति थी उससे दूर करने का काम करेगा। चैयरमैन एडवोकेट अनिल झरोठी कहा कि1860 मैं बने इंडियन पैनल कोड की जगह अब भारतीय न्याय संहिता 1898 मे बने सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व 1872में बने इंडियन एविडस कोड की जगह भारतीय साक्ष्य संहिता सहित कई अन्य कानून मे बदलाव के साथ साथ अदालत मे केस की समय सीमा सीमित करने का प्रयास भी बहुत ही सराहनीय हैं इससे न्याय जल्दी व सटीक मिलने की संभावना बढ जाती है इस कदम से अदालत में समय व खरचो मे कमी आयेगी व लोगो मे न्याय व सरकार के प्रति विश्वास बढेगा

### वी ने स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में लॉन्च किए एक्सक्लुजिव ऑफर्स

**गुरुग्राम।** भारत के 77वें स्वतन्त्रता दिवस के मौके पर जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक ऑफर्स लेकर आए हैं। 12 से 18 अगस्त के बीच वी के उपभोक्ता आकर्षक डील्स की व्यापक रेंज का लाभ उठा सकते हैं और साथ ही वी ऐप पर आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका भी पा सकते हैं। उपभोक्ता स्वतन्त्रता दिवस के जश्न के साथ निर्बाध ऑनलाईन अनुभव पा सकें, इसके लिए वी रु 199 से अधिक वाले सभी अनलिमिटेड डेटा रीचार्ज पर 50 जीबी तक अतिरिक्त डेटा के फायदे लेकर आया है। इसके अलावा वी के उपभोक्ता रु 1499 एवं रु 3099 के रीचार्ज पर क्रमश: रु 50 और रु 75 का इंस्टेन्ट डिस्काउन्ट पा सकते हैं। स्वतन्त्र के दिवस के जश्न के जोश को और अधिक बढ़ाते हुए वी, एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप पर स्पिन द व्हील कॉन्टेस्ट का आयोजन भी कर रहा है।

# 'एलियंस इन इंडियन पवेलियन' थीम पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शानदार एक्ट की प्रस्तुति दी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**लिटल** एंजल्स स्कूल, सोनीपत में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा एलियंस इन इंडियन पवेलियन थीम पर शानदार एक्ट की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, मॉन्टेसरी कोऑर्डिनेटर भारती दत्ता व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया और सभी को इस शानदार एक्ट से अवगत करवाया। इस थीम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मैत्री संबंधो को बढ़ाना था। इस थीम के अंतर्गत बच्चों की एलियंस को जानने की इच्छा को प्रमुखता देते हुए उनकी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों की एलियंस के साथ मैत्री संबंधों को दिखाते हुए बताया गया कि हम अपने अच्छे स्वभाव से किसी को भी सरलता व सादगी से अपना बना सकते हैं। थीम के अंतर्गत बच्चों को उत्तर प्रदेश, राजस्थान व पंजाब की संस्कृति से अवगत कराया गया। बच्चों को पोखरण और आर्मी कैंप की जानकारी दी गई और उन्हें भविष्य में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित किया गया। लिटल एंजल्स स्कूल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सर वंशज चौहान की उपलब्धियों के बारे में सभी को जानकारी दी गई और जीवन में खेलों के महत्त्व को भी बताया गया। बच्चों ने जादू-जादू, हुए अजनबी- राहों पर आदि गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। आकर्षक वेशभूषाओं में बच्चों ने इस कार्यक्रम को प्रस्तुत कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इस कार्यक्रम के दौरान मंच सज्जा देखने योग्य थी। बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देखकर अत्यंत खुश थे। सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम के लिए विद्यालय के प्रति अपना आभार प्रकट किया। उन्होंने सभी अध्यापकों के सहयोग व मेहनत की सराहना की। लिटल एंजल्स स्कूल के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को बधाई व शुभकामनाएँ दीं। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल का सदैव यह प्रयास रहा है कि वह बच्चों के चहुँमुखी विकास के लिए हर संभव प्रयास करे और उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य दे।



## हरियाणा की जनता को भी देंगे फ्री बिजली: राकेश चुघ



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ के नेतृत्व में शुक्रवार को पानीपत ग्रामीण हलके के गांव गढ सरनाई, बराना, पलेहडी, बबैल, कुटानी व राजाखेड़ी मे पार्टी द्वारा चलाये जा रहे बिजली आंदोलन के तहत जन संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने अपनी टीम के साथ गांव की चौपालों, चौकों, घरों व दुकानों में जाकर ग्रामीणों को बिजली के बिलों को लेकर जानकारी दी गई। राकेश चुघ ने बताया कि प्रदेश के साथ लगते दिल्ली व पंजाब में लोगों को घरों की बिजली फ्री दी जा रही है लेकिन हरियाणा में सरकार द्वारा सस्ती बिजली खरीद कर महंगी बिजली लोगों को दी जा रही है। इससे एक आम परिवार का बिजली का बिल भी हजारों में आता है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली व पंजाब में फ्री बिजली दी जा सकती है तो हरियाणा के लोगों को इतनी महंगी बिजली क्यों दी जा रही है।

## राष्ट्र के निर्माण व विकास में युवाओं की अहम भूमिका: सुधीर जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**




**ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल कर पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया । इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने पौधे लगाकर परिसर में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया । चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम "युवाओं के लिए हरित कौशल: एक सतत विश्व की ओर" है । इसका उद्देश्य युवाओं को कौशल के साथ सशक्त बनाना तथा युवाओं के मुद्दों की तरफ दुनिया का ध्यान आकर्षित करवाना है ।

चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण और विकास में युवाओं की अहम भूमिका है। युवा ही देश का भविष्य निर्धारित करता है। जिस देश की युवा पीढ़ी जितनी शिक्षित होगी वह देश उतनी ही तेजी से विकास करेगा। हर साल 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाए जाने का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक व सियासी मुद्दों के प्रति युवाओं को जागरूक करना व इनकी हिस्सेदारी बढ़ाना है।

## 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में, अशोक लेलैंड का ड्रीम ड्राइव पहुँचा करनाल

**करनाल।** अशोक लेलैंड के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, ड्रीम ड्राइव के अंतर्गत अशोक लेलैंड के बड़ा दोस्त और बॉस 1215 वाहन करनाल पहुंचे। जम्मू से यात्रा करते हुए, वाहन हिसार की ओर जा रहा है। यह अभियान पंतनगर के विनिर्माण संयंत्र पहुँचकर संपन्न होगा। इस यात्रा में पानीपत, दिल्ली, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, वाराणसी, लखनऊ भी शामिल होंगे। ड्रीम ड्राइव में कुल 10 वाहन होंगे जो पांच अलग-अलग मार्गों पर देश के कोने-कोने से गुजरेंगे।

बेंगलुरु, मुंबई, जम्मू, कोलकाता और डिब्रूगढ़ से शुरू होकर यह ड्राइव देश भर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगी और अशोक लीलैंड के विनिर्माण संयंत्रों में समाप्त होगी।

## रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं हो सकता: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**




अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को एसआरके स्किल सेंटर पर नेहरू युवा केंद्र सोनीपत के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर आयोजकों ने बुके भेंट कर स्वागत किया। इस शिविर में जनहित फाउंडेशन टीम ने करीब 85 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। दूसरों की अनमोल जिंदगी बचाने को लेकर रक्तदान कर रहे युवाओं के साथ महिलाओं में काफी उत्साह था। मुख्य मेहमान देवेंद्र कादियान ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं हो सकता। क्योंकि दान किए हुए रक्त से जरूरतमंद व जिंदगी की जंग लड़ने वालों को नई जान मिलती है। ऐसे में जब भी मौका मिले रक्तदान करने से कभी भी पीछे नहीं हटें और इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए दूसरों की जान बचाने में मददगार बनें। शिविर के समापन पर आयोजकों ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, एसएचओ रवि कुमार व विजय सिंह अहलावत, हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में एकेडमी संचालक जोगेंद्र , नवीन गुलिया, जसबीर अहलावत, राकेश कुमार, सतपाल, एकेडमी संचालक जोगेंद्र , देवेंद्र धीमान, हवा सिंह अंतिल, अनिल, सोनिया आदि ने अपना सहयोग दिया।

# कांग्रेस पिछड़ा वर्ग का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 14 को : सुशील

**तैयारी**

8 पिछड़ा वर्ग का प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का सम्मेलन 14 अगस्त को सोनीपत में बुलाया गया है: सुशील कशयप

**आवाज उठाएंगे**

8 कार्यकर्ताओं में जोश : सुशील, पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव करेंगे शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

जैसे-जैसे 2024 में होने वाले लोकसभा में विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं। सभी पार्टियों सक्रिय हो गई है। उसी कड़ी के चलते कांग्रेस पिछड़ा वर्ग ने भी 14 अगस्त सोमवार के दिन मुरथल रोड पर यूनिक गार्डन में राज्य स्तरीय सम्मेलन करने का फैसला लिया है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष सुशील कशयप ने शनिवार को अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग का प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का सम्मेलन 14 अगस्त को सोनीपत में बुलाया गया है। कश्यप ने बताया कि सम्मेलन में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील कश्यप करेंगे। सुशील कश्यप ने कहा कि जातीय जनगणना करवा कर उसके हिसाब से पिछड़ा वर्ग के लोगों को राजनीति में भागेदारी देने के साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाये। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में ओबीसी के हकों की आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि ओबीसी के हकों के लिए जातीय जनगणना करवाई जाए। उनका कहना है कि ओबीसी का अलग से मंत्रालय बने, जो ओबीसी के हितों के लिए कार्य करें।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार क्रीमीलेयर को हटाकर उनके हक पिछड़ा वर्ग के लोगों को दिए जाए। इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी,करताराम कश्यप कार्यकारी अध्यक्ष ,तेलूराम जांगड़ा व पुष्पेंद्र योगी जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष सहित प्रदेश का सभी पदाधिकारी भाग लेंगे।

## रॉयलओक फर्नीचर ने दिल्ली के पश्चिम विहार में अपना 156वां स्टोर खोला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

रॉयलओक फर्नीचर, भारत का अग्रणी फर्नीचर ब्राण्ड, ने दिल्ली के पश्चिम विहार में अपना नया स्टोर लॉन्च कर अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। स्टोर का उद्घाटन बड़ी धूमधाम से किया गया, जहाँ रॉयलओक फर्नीचर के चेयरमैन विजय सुब्रमण्यिम, प्रबंध निदेशक मथन सुब्रमण्यिम, खुदरा प्रमुख एच. एस. सुरेश, उत्तर के राज्य प्रमुख नागेंदर राव और बिक्री एवं मर्चेंडाइजिंग के प्रमुख प्रशांत कोटियन उपस्थित थे। यह व्यापक स्टोर लिविंग रूम्स, बेडरूम्स, डाइनिंग रूम्स, आदि के लिये फर्नीचर के एक विस्तृत संग्रह की पेशकश करता है। पश्चिम विहार के निवासी अब अपने नजदीक में स्टाइल दिखाने के साथ-साथ काम आने वाली चीजों की एक बड़ी श्रृंखला की उम्मीद कर सकते हैं, इसमें सोफा, बिस्तर, डाइनिंग टेबल, कुर्सी, रिक्लाइनर, मैट्रेस, इंटीरियर डेकोर और ऑफिस तथा आउटडोर फर्नीचर की एक व्यापक श्रृंखला शामिल है। इस स्टोर के साथ ही दिल्ली क्षेत्र में ब्राण्ड के कुल 7 स्टोर हो गये हैं। उम्मीद है कि यह स्टोर हर साल 2 लाख से ज्यादा आगंतुकों को आकर्षित करेगा। लॉन्च इवेंट में बात करते हुए, रॉयलओक फर्नीचर के चेयरमैन श्री विजय सुब्रमण्यिम ने कहा, अपने नये स्टोर को लॉन्च कर हम उत्साहित हैं, जोकि अपने ग्राहकों के लिये किफायती दामों पर सर्वश्रेष्ठ फर्नीचर की पेशकश के लिये रॉयलओक की प्रतिबद्धता दिखाता है। यह सुनिश्चित करने के लिये हमारी टीम ने लगातार काम किया है कि यह स्टोर खरीदारी का सचमुच एक बेजोड़ अनुभव दे, और यह उच्च-गुणवत्ता के उस फर्नीचर के व्यापक संग्रह से मिलेगा, जो स्टाइलिश होने के साथ-साथ काम का भी हो।

## देश की चाय टाटा टी प्रीमियम मना रही है 'देश का गर्व'

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

टाटा टी के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो का प्रमुख ब्रांड टाटा टी प्रीमियम स्वतंत्रता दिवस के लिए अपनी देश का गर्व पहल के जरिए भारत और यहां की कला, संस्कृति और विरासत का जश्न मना रहा है। टाटा टी प्रीमियम ने अपने देश के धागे अभियान के जरिए देशवासियों को देश के गौरव के रंगीन और खूबसूरत सफर पर ले जाने की योजना बनाई है। देश के धागे अभियान में टाटा टी प्रीमियम भारत की समृद्ध हैंडलूम्स विरासत को सम्मानित कर रहा है। क्षेत्रीय अभिमान के सार को दशार्ते हुए, हरयाणा के लिए बनाए गए टाटा टी प्रीमियम के पैक सजे हैं अपनी अद्वितीय पैटर्न्स के लिए मशहूर पंजा दरी के डिजाइन से, जो अपनी मजबूती और लंबे समय तक टिकने वाली प्रकृति, शानदार सुंदरता के लिए लोकप्रिय हैं।

टाटा टी प्रीमियम के लिमिटेड एडिशन पैक कलेक्शन का हर पैक एक शानदार कैनवास है जो भारतीय कारीगरों के अद्वितीय कौशल और कृतियों को प्रदर्शित करता है।

महाराष्ट्र की राजसी पैठनी, उत्तर प्रदेश के शानदार बनारसी सिल्क से लेकर तमिलनाडु के बेहद खूबसूरत कांजीवरम, असम के मोहक मुगा सिल्क तक हर हैंडलूम सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है।

पहल पर टिप्पणी करते हुए, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेज (भारत और दक्षिण एशिया) के अध्यक्ष, पुनीत दास ने कहा, स्वतंत्रता दिवस पर देश का गर्व पहल के तहत टाटा टी प्रीमियम देश के निपुण कारीगरों, उनके समर्पण, कौशल और देश की सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को सम्मानित कर रहा है। इस अभियान में हर भारतीय को हमारे देश के विविध हैंडलूम्स को और देश के गर्व को बुनने वाले धागों को सम्मानित करने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।

## रन ए माइल, बच्चों में स्वथ्य रहने की भावना रहे: प्रिंसिपल

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद**



**शिक्षा** ओर स्वाथ्य को लेकर छात्रों मे जागरूकता बनी रहे इस लिए समय -समय पर हरमान माइनार स्कूल इंस्टीटूशन ,के तहत चलने वाले। हरमान माइनर स्कूल,फरीदाबाद मे आज "रन ए माइल्स "मेराथन का आयोजन स्कूल ग्राऊंड मे किया, वही आस पास के कई अन्य स्कूलों के बच्चों, अभिभावकों,के साथ लगभग सेकड़ो बच्चों ने भी भाग लिया। यह दौड़ 5000, 2500, 1000 मीटर की रखी और,सफलता पूर्वक सम्पन हुई। मनोज अत्री फाउंडेशन आफ स्पोर्ट जोंन, मुख्य रूप से उपस्थित स्थानीय विधायक तिगाव, राजेश नागर, हरियाणा की शिक्षा निदेशिका देवोरोत्ती बोस,ए सी पी देवेंद्र यादव, समाज सेवकों,के साथ कई अन्य प्रमुख लोगों ने बड़ चढ़ कर भाग लिया।राजेश यादव विधायक ने बताया की मोदी सरकार ने फिट इंडिया मूमेंट को बढ़ावा देने के लिए स्कूल स्तर से लेकर उच्च शिक्षक संस्थानों मे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये कई योजनाए बनाई गई है,हरमान माइनर स्कूल मे आज बच्चों द्वारा लगाई गई दौड़, बच्चों मे एकाग्रता का अवतरण होगा। उपस्थित शिक्षा निदेशिका देवोरत्ती बोस ने बताया कि आज शिक्षा के साथ स्वाथ्य के प्रति पूरे हरियाणा के स्कूलों में कई योजनए चलाई जा रही ,हरमान माइनार स्कूल मे आज रन ए माइल्स के आयोजन में स्कूल के साथ अन्य विद्यालय के बच्चों ने भी भाग लिया,ऐसे कार्यकर्मो को हरमान माइनार स्कूल निरंतर अपने स्तर से कई योजनाय चलता रहता हैं।

# जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया स्वच्छ पर्यावरण का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**



अंबाला शहर के सभी सामाजिक संस्थाओं एवं पुलिस प्रशासन की ओर से समाजसेवी दीपक वोहरा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई । स्थित सेक्टर 8 चाणक्य पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर पौधा रोपण करते हुए एसआई विक्रम सिंह ने कहा कि दीपक वोहरा एक सामाजिक व्यक्ति हैं वह हमेशा जरूरतमंद लोगों की सेवा करने के लिए तत्पर खड़े रहते हैं उनके हर कार्य की मैं जितनी सराहना करू उतनी कम है उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में पर्यावरण का विनाश हो रहा है पेड़ पौधे ही धरती का श्रृंगार है मनुष्य के भौतिकवादी होने के कारण प्रकृति का आवश्यक से अधिक दहन किया जा रहा है जिसके कारण पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है हमें पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए हम पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना मात्र भी नहीं कर सकते । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चाणक्य शाखा के वरिष्ठ स्वयंसेवक, पूर्व सेवा निर्मित हेडमास्टर राजकुमार ने बताया कि अब वक्त आ गया है जब आम आदमी को प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन का जिम्मा लेना होगा हमें हमारे जन्मदिन पुण्यतिथि और प्रिय जनों की स्मृति में पौधारोपण करना चाहिए पौधे ही उपहार स्वरूप देने चाहिए इनसे हमारी आने वाली पीढ़ी के अंदर भी शर्म के प्रति निष्ठा की भावना जागृत होगी ।


इसी के साथ पौधारोपण कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन से पहुंचे एसआई विक्रम सिंह,पत्रकार दीपक वोहरा ने समाजसेवी राजेंद्र सैनी , सेवा निर्मित मदनलाल , राजकुमार ,व अन्य समाज में जो लोग सेवा के कार्य कर रहे हैं उन्हें जन्मदिन के अवसर पर पौधा देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के चलते दीपक वोहरा ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ पौधों की कमी के चलते पर्यावरण भी असंतुलित हो रहा है। इसलिए प्राकृतिक आपदाओं से बचने व पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाने चाहिए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को खुशी के अवसर पर कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल अवश्य करनी चाहिए ।


## छड़ियों के मेले का भक्तजनों में उत्साह : रंगा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहबाद**



में गोगामेडी पर छडियो का मेले की शुरूआत की गई। कमेटी के प्रधान राम कुमार ने बताया कि हर वर्ष छड़ियों का मेला धूमधाम से मनाया जा रहा है ।आज छड़ियों के मेले की शुरूआत में मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा और वरिष्ठ समाजसेवी मिहा सिंह रंगा ने ज्योत प्रज्वलित कर और रिबन काटकर छड़ियों के मेले की शुरूआत हुई। कमेटी द्वारा स्वीटी रंगा और मिहा सिंह रंगा को सम्मानित कर आशीर्वाद दिया । मुख्य अतिथि कांग्रेसी नेत्री स्वीटी रंगा ने कहा कि शाहाबाद में छड़ीयो के मेले को धूमधाम से मनाया जाता है। शाहबाद के बाजार में सभी ने पवित्र छड़ियों के दर्शन किए ।हमें भी गोगामेडी पर पहुंचकर बाबा जाहरवीर जी का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हम प्रार्थना करते हैं की शाहाबाद नगर और आसपास के गांव में सुख शांति और भाईचारा रहे। समाजसेवी मिहा सिंह रंगा ने कहा कि आज युवा साथी संकल्प लें कि नशे जैसे बीमारी को छोड़ कर अपने भविष्य को बनाए । रंगा ने बच्चों के माता-पिता से प्रार्थना की है कि वह अपने बच्चों को अधिक से अधिक पढ़ाएं। इस अवसर पर प्रदीप तंवर सुलखनी, टिंकू भगत, राजेश भगत ,लवलेश टिंडल,टिंकू भट्टी ,प्रवीण ज्ञानी, शिवम, बिट्टू, शोकी अनुज कुमार व काफी संख्या में मातृशक्ति ,प्यारे बच्चे, बुजुर्ग सम्मिलित रहे।


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रोशन कंसल जी
पूर्व जिलाध्यक्ष केशवपुरम
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
मंत्री राष्ट्रीय कवि संगम


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मवीर यादव
कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा दिल्ली प्रदेश


मॉडल टाउन रेजिडेन्ट्स वैलफेयर एसोसिएशन (रजि.)
Regd. Office : F-3/13, Model Town-II, Delhi-110009 E-mail: mtrwa.regd@gmail,com
G20
स्वतंत्रता दिवस
एवं
ध्वजारोहण समारोह
मंगलवार
दिनांक 15 अगस्त, 2023
प्रातः 8.00 बजे से
स्थानः
शालीमार पार्क, बशेशर नाथ गोटे वाला पार्क
मॉडल टाउन-II, दिल्ली-110009
विशेष आकर्षण
"सांस्कृतिक कार्यक्रम"
(विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा)
आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
अब हर घर होगा तिरंगा
निवेदकः
विजय डालमिया
प्रधान
9810039043
प्रेम मनोहर गोयल
वरिष्ठ उपप्रधान
9810765916
निर्भय नरूला
महासचिव
9810020302
अजीत चावला
कोषाध्यक्ष
9811006320


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
15 August
नितिन गोयल
मंडल अध्यक्ष, आजादपुर मंडल भाजपा

# शहीदों की बदौलत आजादी मिली जिसकी खुली हवा में सांस ले रहे हैं : केंद्रीय राज्य मंत्री

**मेरी माटी-मेरा देश**

**मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत, विश्व गुरु भारत और दुनिया की तीन बड़ी ताकतों में होगा शामिल**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि शहीदों की बदौलत से हम आज आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीद देश की आन बान और शान हैं। उनकी कुबार्नी हमेशा हमेशा के लिए स्मरणीय रहेगी। सरकार का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित देखना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही देश विकसित भारत, विश्व गुरु भारत और दुनिया की तीन बड़ी ताकतों में शामिल होगा। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर आज शनिवार को गांव फैजुपर खादर में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने इस अवसर पर गांव फज्जूपुर खादर के शहीद राम कुमार भाटी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। शहीदों के नाम दीपक जला कर, सरस्वती वंदना के साथ, पौधारोपण कर अपनी माटी की रक्षा के लिए पंच प्रण की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर शहीद रामकुमार भाटी के परिजनों को स्मृति चिन्ह, शाल ओढ़ा कर सम्मानित भी किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि नया भारत जो तेजी से विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, अमृत काल की शुरूआत पर है और हम सबको मिलकर भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि जब देश अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे कर चुका होगा तब तक यह महान देश भारत एक विकसित देश के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाए। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के पथ पर चलते हुए निरंतर कार्य कर रहे हैं। 2047 तक भारत को विकसित देखना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की समापन अवसर पर में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आजादी अमृत महोत्सव की श्रंखला में देश के वीरों, स्वतंत्रता सेनानियों , सैन्य व पुलिस बल के शहीदों को समर्पित मेरी माटी-मेरा देश अभियान जिला फरीदाबाद में जनभागीदारी के साथ गरिमामयी ढंग से चलाया जा रहा है। मिट्टी को वंदन-वीरों को नमन थीम के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है। आजादी अमृत महोत्सव की श्रंखला में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाए जाने वाले मेरी माटी-मेरा देश अभियान को लेकर अधिकारी मुस्तैदी से कर रहे हैं।

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में देशभर में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत स्तर, वार्ड स्तर, प्रत्येक खंड में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम चल रहा है। इन कार्यक्रमों में वीरों का वंदन के तहत देश के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और नायकों के नाम की हर गांव व शहर में शिलापट गौरव पट्ट स्थापित किए जा रहे हैं और उनके परिजनों को सम्मानित किया जा रहा है । वसुधा वंदन के तहत हर गाँव व शहर में दीघार्यु वाले 75 पौधे रोपित किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय गान, ध्वजारोहण, अमृत सरोवर के समीप देशभक्ति से ओतप्रोत गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

**मिट्टी के साथ सेल्फी लेकर वेबसाइट पर करवाएं अपलोड**

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से मातृभूमि को नमन करने के लिए यह विशेष आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनभागीदारी को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। हर व्यक्ति को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहिए, मिट्टी को वंदन-वीरों को नमन थीम के साथ यह अभियान आयोजित किया जा रहा है। गांवों में वीर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा पुलिस विभाग के शहीदों के परिजनों के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं मिट्टी के साथ सेल्फी लेकर उसे मेरी माटी-मेरा देश वेबसाइट पर अपलोड करवा जा रहे हैं ।

**जिला हर गांव और शहर के हर वार्ड की पवित्र बलिदानी मिट्टी पहुंचेगी दिल्ली**

कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि जिला फरीदाबाद वीर-बलिदानियों की भूमि है। हर गांव से बलिदानी मिट्टी खंड स्तर पर पंहुचेगी और खंड स्तर से जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में नमन किया जाएगा। सभी खंडों से चयनित युवा पवित्र मिट्टी को अमृत कलश यात्रा के रूप में दिल्ली लेकर जाएंगे। गौरव पट्ट पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश अंकित किया जाएगा, साथ ही संबंधित गांव के शहीदों का विवरण अंकित होगा।

**13 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान:**

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत जिला में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाकर राष्ट्रीयता की भावना को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला वासियों को आह्वान करते हुए कहा कि 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों,संस्थानों आदि की छतों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित व जागरूक करें। आमजन में राष्ट्र प्रेम की चेतना जागृत करते हुए अभियान से जोड़ा जाए। उन्होंने जिला वासियों से हर घर तिरंगा अभियान में बढ़ चढ़कर भागीदार बनने का आह्वान भी किया।

## संक्षिप्त खबरें

### आप का खेड़ी कालोनी में बिजली आंदोलन, धर्मवीर भडाना ने दिखाया खट्टर सरकार को आईना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने बिजली आंदोलन शुरू किया है जिसके तहत पार्टी के नेता कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर बता रहे हैं कि पंजाब और दिल्ली में हमारी सरकार लोगों को फ्री बिजली दे रही है । इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने फरीदाबाद के खेड़ी कॉलोनी में बिजली आंदोलन के तहत हरियाणा सरकार द्वारा जारी बिजली के बिलों को जलाते हुए कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार प्रदेश के करोड़ों लोगों को बिजली के बिल के नाम पर दोनों हाथों से लूट रही है जबकि दिन-रात बिजली के कई कई कट लग रहे हैं । धर्मवीर भडाना ने कहा कि आप पार्टी ही फ्री बिजली दे सकती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब के लोगों को फ्री बिजली देकर लोगों को राहत देने का काम किया है। हरियाणा की सरकार भारी भरकम बिजली के बिल लोगों से वसूल रही है बावजूद इसके हरियाणा पर कर्जा बढ़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में 2024 में बदलाव होगा और लोगों को फ्री बिजली, पानी और फ्री इलाज मिलने लगेगा। लोगों की आमदनी घट रही और सरकार के टैक्स और बिलों की मार जनता पर लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जनता को महंगी बिजली देकर खट्टर सरकार अडानी का खजाना भर रही है क्योंकि कि खट्टर सरकार ने अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए अप्रैल में 11.55 रुपए प्रति यूनिट, मई में 8.13 रुपए प्रति यूनिट और जून में 7.30 रुपए प्रति यूनिट की दर से महंगी बिजली खरीदी । ये वसूली जनता से की जा रही है । इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, लोकसभा के जॉइंट सेक्रेटरी तेजवंत सिंह बिट्टू ने खट्टर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि हरियाणा की जनता महंगी बिजली और कहेगी शिक्षा के कारण बहुत दुखी है । खट्टर सरकार को गरीबों से कोई लेना देना नहीं है इसलिए प्रदेश के गरीबों से शिक्षा और बिजली के नाम पर बड़ी वसूली जारी है । इस मौके पर खेड़ी कॉलोनी की तमाम महिलाएं भी मौजूद थी जिन्होंने खट्टर सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाते हुए कहा कि इस सरकार ने हमारा जीना हराम कर दिया है । इस मौके पर कॉलोनी की सुनीता, आराधना, सविता, रमाबाई, दिनेश, रघुवीर, संतराम गिरिजा कुमार आदि मौजूद थे।

### गुमशुदा 30 वर्षीय ट्रक ड्राइवर विकल की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच 65 ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश व उनकी टीम ने आइएमटी मछगर में हुए ट्रक ड्राइवर विकल मर्डर केस में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अमित(31) है जो अलीगढ़ का निवासी है और फिलहाल बल्लभगढ़ के मछगर गांव में रह रहा था। आरोपी सेक्टर 68 स्थित हेलो स्टील कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है जहां मृतक विकल ट्रक ड्राइवरी करता था। 28 जुलाई की सुबह 7:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि मच्छगर, सेक्टर 68 एरिया की झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर थाना प्रबंधक सदर महेंद्र पाठक अपनी टीम के साथ पहुंचे घटना के बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया जिस पर डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल , एसीपी तिगांव राजेश लोहान, क्राइम ब्रांच 65, डीएलएफ तथा एफएसएल की टीम अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान यूपी के रामपुरा के रहने वाले विकल के रूप में हुई। डीसीपी, एसीपी और क्राईम ब्राचं, थाना पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। क्राइम ब्रांच द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नलहड भेजा। मृतक के परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक विकल ट्रक ड्राइवरी करता था जो अक्सर फरीदाबाद सामान लेकर आता था और अपने साथियों के साथ रहता था। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह 22 जुलाई को गाड़ी लेकर निकला था और उसके बाद घर नहीं आया जिसके पश्चात उसके परिजनों ने 26 जुलाई को मिसिंग की सूचना दी जिसके आधार पर सदर बल्लभगढ़ थाने में गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की गई थी।

## शहीदों के सम्मान में रविवार को तिरंगा यात्रा : मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। शहीदों के सम्मान में रविवार 13 अगस्त को सुबह 9 बजे बल्लभगढ़ विधानसभा की तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह तिरंगा यात्रा प्रदेश के माननीय परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में बल्लभगढ़ सेक्टर -3 नया पुल से शुरू होकर तिगांव रोड - अम्बेडकर चौक - मोहना रोड - ऊँचा गाँव चुंगी - मिल्क प्लांट रोड होते हुए सेक्टर -2 बल्लभगढ़ विधानसभा कार्यालय पर संपन्न होगी। ज्ञात अज्ञात शहीदों के बलिदान की याद पर आयोजित शहीदों के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए आप सभी भागीदार बनें।

# 77 वें स्वतंत्रता दिवस की होगी फाइनल रिहर्सल आज

**रिहर्सल**

**स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए सीटीएम अमित मान की देखरेख में हुई रिहर्सल**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पांच सांस्कृतिक टीमें जिला स्तरीय समारोह में फरीदाबाद हैलीपैड ग्राउंड और उपमण्डल स्तर पर पांच टीमें बडखल में तथा अन्य टीमें बल्लभगढ़ में फूलड्रैस रिहर्सल में प्रस्तुतियां देंगी। जहां तीनों एसडीएम फाइनल रिहर्सल में ध्वजारोहण करेंगे। आज शनिवार को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए आज सीटीएम अमित मान की देखरेख में सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल की गयी। जहां सीटीएम अमित मान ने परेड की सलामी ली। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय व उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल आज/ रविवार को सेक्टर-12 स्थित हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा सबडिविजनल स्तर पर बल्लभगढ़ के दशहरा ग्राउंड में बल्लभगढ़ में और बड़खल के लिए बड़खल के दशहरा ग्राउंड में फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। आपको बता दें कि इस बार जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में फरीदाबाद में प्रदेश के प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी राज्यमंत्री संदीप सिंह ध्वजारोहण करेंगे, बल्लभगढ़ में विधायक सीमा त्रिखा व बड़खल में विधायक दीपक मंगला ध्वजारोहण करेंगे। वहीं जिलास्तरीय कार्यक्रम के लिए आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद राजस्थानी डांस काला कूद पढ़ो मेला में, राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा देश भक्ति गीत तेरा जलवा जलवा, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी नंबर 5 हरियाणवी डांस मैं छोरी हरियाणे की, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी नंबर 2 देशभक्ति गीत मिले सुर मेरा तुम्हारा, डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-29 ने देश भक्ति गीत यह देश है वीर जवानों का पर रिहर्सल की।

# सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं:विधायक राजेश नगर



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** ।श्रम विभाग हरियाणा द्वारा श्रमिक जागरूकता समारोह का आयोजन तिगांव, धीरज नगर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि तिगांव के विधायक राजेश नागर ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि श्रमिक चौपाल का मुख्य उद्देश्य संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विभाग की योजनाओं के बारे में जागरूक करना है ताकि श्रमिक उनके लिए चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ ले सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अंत्योदय को अपने लक्ष्य और प्रण में शामिल किया है। समाज के हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। इन पिछले नौ वर्षों में देश एवं प्रदेश में अंत्योदय की भावना को बहुत बल मिला है। इसी कड़ी में आज श्रमिक चौपाल का आयोजन भी बहुत सहायक सिद्ध होगा। हमारे श्रमिक ही अंत्योदय कोटि की अग्र पंक्ति हैं, इसलिए सरकार ने अपने विकास का रास्ता मजदूर-मजबूर और मजलूम के बीच से चुना है। इस अवसर पर लगभग ढाई सौ श्रमिक उपस्थित रहे।

## पार्क हॉस्पिटल के सामने चार प्लाट मे पड़ा कूड़ा करकट व गन्दी के ढेरों को साफ कराया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। ब्लॉक डी 2 सैक्टर-10 के पार्क हॉस्पिटल के सामने चार प्लाटों में तकरीबन 15 साल से गन्दी के बड़े बड़े ढेर लग गए थे।जिसकी वजह से सेक्टर वासियो निकला व रहना मुश्किल हो रहा था इस गन्दी से ब्लांक मे प्रदूषण फैल रहा था।

इस समस्या के निवारण के लिए कार्यकारी की बैठक में निर्णय लिया गया की सबसे पहले इस समस्या से डी 2/के निवासियों को निजात दिलाने का कार्य किया जाए।

इस गन्दी को उठाने मे दो जेसीबी पाँच ट्रक को पाँच दिन का समय लगा।

## सीएसआर के तहत हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत लोगों को वितरण किए गए राष्ट्रीय ध्वज



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं जय सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आजादी अमृत महोत्सव के समापन अवसर के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान का कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर रेड क्रॉस भवन सेक्टर- 12 में किया गया। जहां कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रांत प्रमुख गंगा शंकर मिश्र ने शिरकत कर शुभारंभ करते हुए शहर की सम्मानित संस्थाओं को स्वयं अपने हाथों से हर घर पर तिरंगा लगाने के लिए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरण किया। साथ ही आए हुए सभी सामाजिक संगठन के लोगों को उन्होंने आह्वान किया कि 15 अगस्त को हमारा देश स्वतंत्र हुआ था। यह आजादी हमारे पूर्वजों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों से प्राप्त हुई है। हम सभी को मिलकर यह पर्व बहुत धूमधाम से मनाना चाहिए। जिससे हमारे आने वाली पीढ़ी को सदैव याद रहे स्वतंत्रता का महत्व क्या है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों से अपील करता हूं कि सभी तिरंगे अपने प्रतिष्ठान और घरों के ऊपर 13 से 15 अगस्त के अवसर पर अवश्य फहराये। विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस सचिव विजेंद्र सोरोत ने बताया कि हर घर तिरंगाह्न भारत की आजादी के 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत?साहित करने हेतु ह्यआजादी के अमृतह्ल महोत्सव के समापन अवसर के तत्वावधान में चलाया जा रहा एक अभियान है।राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारा संबंध सदैव व्यक्तिगत की बजाए औपचारिक और संस्थागत रूप में अधिक रहा है। जय सेवा फाउंडेशन के संस्थापक एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के संरक्षक विमल खंडेलवाल ने बताया कि आजादी के 76वें वर्ष के दौरान एक राष्ट्र के रूप में झंडे को सामूहिक रूप से घर पर लाना न केवल तिरंगे के साथ हमारे व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है।

# भाजपा सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार का बोलबाला:सिंगला



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संजय शर्मा को जिला फरीदाबाद कांग्रेस सेवादल का अध्यक्ष, सतीश कुमार ठाकुर को सोशल मीडिया जिला कोर्डिनेटर तथा ललित शर्मा को ब्लाक फरीदाबाद 89 सोशल मीडिया कोर्डिनेटर नियुक्त करने पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने ओल्ड फरीदाबाद स्थित अपने कार्यालय पर तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। इस अवसर पर तीनों ही पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सीएलपी लीडर चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान, सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित कांग्रेर्सी नेता लखन सिंगला का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है, उसे वह सक्रिय रूप से निभाएंगे और पार्टी हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर लखन सिंगला ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले नौ सालों में भाजपा सरकार के शासनकाल में देश और प्रदेश विकास की धुरी से पूरी तरह से उतर चुका है, आज महंगाई और भ्रष्टाचार का बोलबाला है, विकास के नाम पर केवल कूड़े के ढेर और सीवरेज का पानी ही दिखाई देता है इसलिए सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपनी टीमें बनाकर जनविरोधी भाजपा सरकार का असली चेहरा जनता के समक्ष उजागर करे,

जिससे कि आने वाले चुनावों में इस सरकार का देश व प्रदेश से सूपड़ा साफ हो सके। इस अवसर पर रेनू चौहान, विकास, अजय कत्याल, विजय कुमार, धर्मबीर, राजू शर्मा, कपूरचंद अग्रवाल, संतलाल रावत, आकाश सैनी मौजूद थे।

# एसीपी ने फरीदाबाद के शहीद सिपाही सतबीर को दी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। सरकार द्वारा चलाए गए मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत एसीपी मुजेसर सुधीर तनेजा ने फरीदाबाद के शहीद जवान सतबीर सिंह को उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एसीपी के साथ वेलफेयर इंस्पेक्टर जयबीर नारा, सेक्टर 58 थाना प्रभारी अनूप, पुलिस चौकी सीकरी प्रभारी व उपनिरीक्षक महेश भी मौजूद रहे। इस अवसर पर शहीद पुलिसकर्मी की याद में पौधारोपण किया गया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा शहीदों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया गया है जिसके तहत देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। सरकार द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार 75वें आजादी के अमृत महोत्सव समापन अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान राष्ट्र प्रेम को समर्पित है। देश के शहीदों के अमूल्य बलिदान के बलबूते हमें आजादी मिली है जिसके लिए हर भारतीय को देश के वीरों पर गर्व होना चाहिए। इसी के तहत एसीपी मुजेसर सुधीर तनेजा फरीदाबाद के रहने वाले फरीदाबाद के गांव जाजरू के शाहिद सिपाही सतबीर के घर पहुंचे। वहां पर पहुंचकर उन्होंने शहीद पुलिसकर्मी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया और उनके परिजनों को पुष्पमाला और शॉल भेंट की। शहीद सिपाही सतबीर फरीदाबाद के जाजरू गांव के रहने वाले थे जो वर्ष 2006 में मेवात में तैनात थे। 25 मई 2006 को सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की कुछ गौ तस्कर आवारा पशुओं को अवैध रूप से गाड़ी में भर रहे हैं। गौ रक्षक दल इंचार्ज सहायक उपनिरीक्षक प्रभु दयाल की अध्यक्षता में पुलिस दल ने अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए गांव घुसपैठी में नाका लगाया। थोड़ी देर पश्चात बिना नंबर प्लेट के दो डंपर गांव घुसपैठी की ओर आते दिखाई दे रहे थे। पुलिस पार्टी ने नाकाबंदी स्थान पर वाहनों को रुकने का संकेत दिया परंतु डंपर चालकों ने वाहन की रफ्तार बढ़ा दी और पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया जिसमें सिपाही सतबीर को गंभीर चोट आई। दूसरे डंपर चालक ने अपना डंपर सतबीर पर चढ़ा दिया। सिपाही सतबीर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया परंतु इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस प्रकार देश सेवा के लिए उन्होंने प्राणों की आहुति दे दी।

# स्वतंत्रता दिवस व सुरक्षा के मद्देनजर नाइट डोमिनेशन अभियान के दौरान चेकिंग कर दिए आवश्यक निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के निदेर्शानुसार डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर व नाइट डोमिनेशन अभियान के तहत लगाए गए पुलिस नाकों की चेकिंग कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को अहम दिशा निर्देश दिए।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नाइट नॉमिनेशन अभियान के दौरान लगाए गए पुलिस नाकों को चेक किया गया और वहां पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नाइट डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे गए। पुलिस ने नाइट डोमिनेशन के दौरान 193 वाहन चालकों के चालान काटे जिसमें 50 चालान ओवर स्पीड तथा 30 चालान शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के शामिल थे। डीसीपी ट्रैफिक ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वह पुलिस नाकों से गुजरने वाले सभी वाहनों को चेक करें और उनकी अच्छे से तलाशी लें तथा किसी पर शक होने पर वाहन चालक से अच्छे से पूछताछ करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा फरीदाबाद पुलिस का प्राथमिक उद्देश्य है और स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस को सख्त निगरानी रखनी होती है ताकि कोई भी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति सुरक्षा में सेंध ना लगा सके।



सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
15 August
AAP
AAM AADMI PARTY
बंदना कुमारी
विधायक, शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र




सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आजादी के गत 75 वर्षों में क्या पाया,
उसमें खो ना जाये,
जो खोया है, उसको भूले ना,
अपना स्वाभिमान जगाये,
भारत विश्व वंदनीय बनायें।
वंदे मातरम्
तिलक राज कटारिया
पूर्व अध्यक्ष, स्थायी समिति, दिल्ली नगर निगम
पूर्व नेता सदन, दिल्ली नगर निगम
पूर्व निगम पार्षद, शालीमार बाग




सभी देशवासियों को
15 August
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
हरी किशन जिंदल
पूर्व जिला अध्यक्ष, आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी
पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र




आरडब्ल्यूए बी.बी. ब्लॉक ईस्ट शालीमार बाग, दिल्ली-110088
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
15 August
हार्दिक शुभकामनाएं
जवाहर मदान, प्रधान
भरत तिलवानी
जितेन्द्र सिंह
राजेश छाबड़ा
विजय अरोड़ा
कपिल चोटवानी
चंदन सहगल
गुरमीत सिंह